




सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22








वर्ष- 14 अंक - 258 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शनिवार 1 जुलाई 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास - खबर

### रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म सात शुरू, यात्रियों को मिली सहूलियत फुट ओवरब्रिज की सुविधा भी जल्द

**रायपुर।** रायपुर रेलवे स्टेशन में फुट ओवरब्रिज और सात नंबर प्लेटफार्म का निर्माण पूरा हो चुका है। फुट ओवरब्रिज चालू होने में अभी समय है लेकिन सात नंबर प्लेटफार्म को बिना उद्घाटन के शुरू कर दिया गया है इस पर ट्रेनों की आवाजाही भी शुरू हो गई है। अब तक यात्रियों को प्लेटफार्म नंबर दो और तीन से होकर जाना पड़ रहा था लेकिन अब वे सीधे सात नंबर पर आवाजाही कर रहे है। वर्तमान में दुर्ग और बिलासपुर छोर पर फुट ओवरब्रिज है, इसलिए ट्रेन पकड़ने के लिए यात्रियों को लंबी दूरी तय करनी पड़ रही थी, इसे ध्यान में रखकर फूट ओवरब्रिज बनाया गया है। रेलवे के अधिकारियों का कहना है कि नए प्लेटफार्म नंबर सात शुरू होने से यात्रियों को आने-जाने में सहूलियत मिल रही है। इसके साथ ही यहां पर प्लेटफार्म नंबर एक की तरह ही यात्री सुविधा बढ़ाने का काम तेज गति से चल रहा है।

रायपुर स्टेशन को खूबसूरत बनाने के लिए रेलवे प्रशासन लगातार विकास कार्य करा रहा है। स्टेशन का रि-डिवलपमेंट होना अभी बाकी है। स्टेशन के पुराने स्ट्रक्चर को तोड़कर नए माडल के रूप में इसे भव्य और आकर्षक बनाने की योजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### राज्य प्रशासनिक सेवा के 4 अफसरों का ट्रांसफर :मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय भेजे गए अफसर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में इस वक्त तबादलों का दौर चल रहा है। कई जगहों पर प्रशासनिक सर्जरी चल रही है। इसी कड़ी में राज्य प्रशासनिक सेवा के 4 अफसरों का ट्रांसफर ऑर्डर जारी किया गया है। 2014 बैच के उमाशंकर अग्रवाल को उपायुक्त, कार्यालय भू-अभिलेख रायपुर से उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। साल 2013 बैच के आशीष टिकरिहा को भी अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सूडा से उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह रश्मि वर्मा को डिप्टी कलेक्टर, बालोद जिले से हटाकर सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है और अरविंद शर्मा को महाप्रबंधक, भू-राजस्व स्मार्ट सिटी लिमिटेड, रायपुर से हटाकर सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। सभी 4 अधिकारियों की पोस्टिंग मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय रायपुर में की गई है।

## आज से छत्तीसगढ़ में हुए कई बदलाव, सीएम बघेल ने किया योजनाओं का विस्तार

# 25 सेवाओं की घर बैठे डिलीवरी

### छत्तीसगढ़ के सभी नगर पालिकाओं में शुरू हुई मितान योजना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में एक जुलाई से कई अहम परिवर्तन हुए हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी रायपुर के सीएम निवास कार्यालय से शनिवार को सरकार की कई योजनाओं का विस्तार किया। इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मोबाइल मेडिकल यूनिट की बढ़ती मांग को देखते हुए मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तृतीय चरण में शामिल 30 एमएमयू का शुभारंभ किया। इसके अलावा श्रमिक कार्ड सेवाओं सहित कुल 25 सेवाओं की घर बैठे डिलिवरी का लाभ दिलाने अब प्रदेश के सभी नगर पालिकाओं में मुख्यमंत्री मितान योजना के विस्तार का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज शहरी क्षेत्रों में भी स्टार्टअप उद्यमियों, स्व-सहायता समूहों को रोजगार का बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की तर्ज पर प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क का शुभारंभ किया। इस प्रयास को सरकार द्वारा नगरीय क्षेत्रों में विकास की नई बयार लाने में मील का पत्थर साबित होने का दावा किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान मौजूद अफसरों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को योजना के विस्तार की संपूर्ण जानकारी दी। यही नहीं सीएम बघेल ने प्रदेश के सभी जिलों से योजनाओं के विस्तार को लेकर जनप्रतिनिधियों व आम लोगों से चर्चा भी की।

#### अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क की शुरुआत

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि अब शहरी क्षेत्रों में स्टार्टअप उद्यमियों तथा स्व-सहायता समूहों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की तर्ज पर अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क की शुरुआत हम करने जा रहे हैं। इसका वर्चुअल शिलान्यास आज किया गया है। सर्विस डिलेवरी को मजबूत करने, नागरिकों को घर बैठे प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने के




लिए मुख्यमंत्री मितान योजना की शुरूआत की गई। छत्तीसगढ़ के नगर निगम क्षेत्रों में नागरिकों को घर बैठे विभिन्न शासकीय दस्तावेज मितान के माध्यम से उपलब्ध हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे आशा है कि इस अभिनव प्रयास से हमारे शहरों में रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे, साथ ही शहरी अर्थव्यवस्था को नई गति प्राप्त होगी।

### युवाओं के लिए रोजगार के साथ कौशल विकास की व्यवस्था

सीएम बघेल ने कहा कि युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के नये अवसरों का निर्माण करने के साथ-साथ हमने उनके कौशल विकास की भी व्यवस्था की। शिक्षित-बेरोजगारों के लिए बेरोजगारी भत्ता योजना संचालित की जा रही है, इसके तहत हर महीने शिक्षित-बेरोजगार युवाओं को 2500 रुपए की सहायता दी जा रही है। केवल तीन महीने में 80 करोड़ 64 लाख रुपए का भत्ता वितरित किया जा चुका है। शहरी स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूती देने के लिए हमने मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना और श्री धन्वंतरी जैनेरिक मेडिकल स्टोर्स योजना प्रारंभ की। हर घर तक साफपेयजल की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए पाइप लाइनों का विस्तार किया गया है। स्वच्छता के मामले में छत्तीसगढ़ को उत्कृष्ट कार्यों के लिए लगातार तीन वर्षों तक केंद्र सरकार ने पुरस्कृत किया है। राज्य सरकार द्वारा प्रति इण्डस्ट्रीयल पार्क 02 करोड़ रुपए की राशि संबंधित निकायों को प्रदान की जा रही है।

### मजबूत अर्थव्यवस्था के कारण छत्तीसगढ़ पूरे देश में विख्यात

इस मौके पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि अपनी सुंदर संस्कृति और कृषि आधारित मजबूत अर्थव्यवस्था के कारण हमारा छत्तीसगढ़ पूरे देश में विख्यात है। पिछले साढ़े चार वर्षों के दौरान हमारी कोशिश रही है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था के साथ-साथ राज्य की शहरी अर्थव्यवस्था को भी मजबूत किया जाए। इसी दिशा में कदम बढ़ाते हुए हमने शहरी अधोसंरचना के विकास के लिए अतिरिक्त वित्तीय संसाधन जुटाने और ऐसी योजनाएं संचालित कीं, जिनसे समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया जा सके।


### उत्कृष्ट शिक्षा के लिए शुरू किया गया स्वामी आत्मानंद स्कूल

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि सभी आय वर्ग के परिवारों के बच्चों के लिए अंग्रेजी और हिंदी माध्यम में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना प्रारंभ की गई। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान संचालित करते हुए सभी के लिए अच्छा पोषण सुनिश्चित किया गया। इस अभियान से बच्चों को कुपोषण से और महिलाओं को एनीमिया से मुक्ति मिल रही है सस्ती और गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हाफबिजली बिल योजना प्रारंभ की गई। मोर बिजली एप के माध्यम से विद्युत-सेवाओं को आसान और सर्वसुलभ बनाया गया।

## रेलवे के ओएचई तार की चपेट में आया टायर से भरा ट्रक, जलकर हुआ खाक, आठ घंटा बंद रहा मार्ग

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर चांपा (एजेंसी)।** सक्ती जिले में सकरेली फाटक पार करने के दौरान रेलवे ट्रैक पर तार की चपेट में आने से ट्रक में आग लग गई। ट्रक में टायर भरा हुआ था जोकि ओवर लोड होने के कारण रेलवे के ओएचई तार के संपर्क में आ गया। तभी ट्रक में आग लग गई। किसी तरह से ड्राइवर ने कूद कर अपनी जान बचाई है। आठ घंटे तक नेशनल हाईवे पर वाहनों का आवागमन बंद रहा। वहीं रेलवे ट्रैक में ट्रेनों का आवागम बंद पड़ा हुआ था। रात 11.30 बजे के आस-पास यह हादसा हुआ है। यह घटना बाराद्वार थाना क्षेत्र की बताई जा रही है।



मिली जानकारी अनुसार, शुक्रवार रात करीबन 11.30 बजे एक ट्रक जिसमें टायर भरा हुआ था, जोकि ओवरलोड था। सकरेली फाटक को पार करने के दौरान ओएचई तार की चपेट में आ गया और ट्रक में भीषण आग लग गई। आग की लपटे तेजी में फैलने ली और पूरे ट्रक को अपनी चपेट में ले लिया। ट्रक चालक ने किसी तरह से ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई है। रेलवे ट्रैक के बीच आग लगने की वजह से ट्रेन सेवा बाधित रही। लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं नेशनल हाईवे सड़क पर 5 किलो मीटर तक वाहनों की लंबी कतार लगी हुई थी।

रेलवे ट्रैक पर आग लगने की सूचना मिलने पर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग मौके पर पहुंची हुई थी। दमकल की टीम पहुंची और घंटो मसकत के बाद आग पर काबू पाया गया। जेसीबी की सहायता से ट्रक के मालवा बाहर को रेलवे ट्रैक से बाहर किया गया। जिसके बाद ट्रेनों का आवागम घंटो बाद चालू किया गया है।

## संसद का मानसून सत्रः 20 से होगा शुरू, केन्द्रीय मंत्री ने सभी पार्टियों से की समर्थन की अपील

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होगा और 11 अगस्त तक चलेगा। केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री प्रल्हाद जोशी ने शनिवार को यह जानकारी दी है। प्रल्हाद जोशी ने ट्वीट कर सभी पार्टियों से मानसून सत्र के दौरान उत्पादक बहस और विधायी कार्यों में समर्थन की अपील की। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए मानसून सत्र के हंगामेदार रहने का अनुमान है। संसद का मानसून सत्र संसद भवन की नई इमारत में आयोजित हो सकता है। हालांकि अभी इसे लेकर आधिकारिक एलान होना बाकी है।

संसदीय कार्यमंत्री प्रल्हाद जोशी ने बताया कि संसद का मानसून सत्र 23 दिन चलेगा और इस दौरान 17 बैठकें होंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में देश में समान नागरिक संहिता लागू करने का मुद्दा उठाया था। लॉ कमीशन भी इसे लेकर राय ले रहा है। ऐसे में संसद के मानसून सत्र में इस मुद्दे पर खासा हंगामा होने का अनुमान है।

मानसून सत्र के दौरान दिल्ली के लिए लाए गए केंद्र सरकार के संशोधन बिल पर भी चर्चा हो सकती है। बता दें कि यह बिल सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले के बाद लाया गया है, जिसमें दिल्ली में प्रशासन के लिए कोर्ट ने दिल्ली सरकार को अधिकृत किया है। इस मुद्दे पर आम आदमी पार्टी काफी मुखर है और विभिन्न पार्टियों का समर्थन जुटाकर केंद्र पर दबाव बनाने की कोशिश कर रही है। ऐसे में संसद के मानसून सत्र के दौरान इस पर खूब हंगामा देखने को मिल सकता है।

## नागपुर से पुणे जा रही बस डिवाइडर से टकराकर पलटी, आग की लपटों में घिरे 26 लोगों की मौत

**नागपुर (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के बुलढाना में बीती रात नागपुर से पुणे जा रही एक बस डिवाइडर से टकराकर पलट गई। पलटने के बाद बस में आग लगी और 26 लोगों को की जिंदा समाधि बन गई। बस में 33 लोगों के सवार होने की बात कही जा रही है। यह घटना शुक्रवार आधी रात के बाद करीब दो बजे की है। बस से 25 शव निकाले गए हैं। मृतकों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। इस हादसे में छह से आठ लोग घायल हैं। घायलों को बुलढाणा सिविल अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। बस ड्राइवर बच गया है।





मिली जानकारी के अनुसार प्रत्यक्षदर्क्षियों ने बताया कि बस पहले नागपुर से औरंगाबाद की ओर जाने वाले रास्ते पर दाहिनी ओर एक लोहे के खंभे से टकराई। जिसके बाद ड्राइवर ने संतुलन खो दिया। इस दौरान बस रोड के बीच बने कंक्रीट के डिवाइडर से टकराकर पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने यह भी बताया कि बस बायीं तरफ पलटी, जिससे बस का दरवाजा नीचे आ गया। ऐसे में उसमें सवार लोग बाहर नहीं निकल सके। हादसे के दौरान बस से बड़ी मात्रा में डीजल सड़क पर फैल गय जिसके कारण बस में आग लग गई।

### पीएम मोदी व अमित शाह ने जताया शोक

बस दुर्घटना को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने भी मुआवजे का एलान किया है। उन्होंने ट्वीट में कहा, महाराष्ट्र के बुलढाणा में हुई बस दुर्घटना से बहुत दुखी हूं। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उन लोगों के परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपनी जान गंवाई। घायल शीघ्र स्वस्थ हों। स्थानीय प्रशासन प्रभावितों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। बस दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को 2 लाख रुपए और घायलों को 50,000 रुपए PMNRF से दिए जाएंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में हुआ सड़क हादसा हृदयविदारक है। दु:ख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं इस भीषण हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के साथ हैं। ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

## नीरज चोपड़ा ने रचा इतिहास, प्रतिष्ठित डायमंड लीग में गोल्ड पर मारा भाला, किया 87.66 मीटर थ्रो

**स्पोर्ट्स डेस्क (एजेंसी)।** भारत के स्टार जेवलीन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। उन्होंने प्रतिष्ठित डायमंड लीग श्रृंखला के लुसान चरण में पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया है। नीरज ने 87.66 मीटर थ्रो के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। जर्मनी के जूलियन वीबर 87.03 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर हैं। तीसरे स्थान पर 86.13 मीटर थ्रो के साथ चेक गणराज्य के याकूब वादलेज्चे रहे। भारतीय जेवलिन स्टार नीरज का इस साल में यह दूसरा गोल्ड है। उन्होंने दोहा डायमंड लीग में भी गोल्ड मेडल जीता था।



लीग के पहले राउंड में नीरज चोपड़ा ने फाउल के साथ शुरुआत की। जर्मनी के जूलियन वेबर ने 86.20 मीटर थ्रो के साथ बढ़त बनाई। पहले दौर के अंत में नीरज शीर्ष तीन एथलीटों में भी नहीं थे। इसके बाद दूसरे प्रयास में नीरज ने 83.52 मीटर का थ्रो किया। दूसरे राउंड के अंत में जूलियन बढ़त में रहे। बावजूद इसके नीरज की रैंकिंग में सुधार हुआ और वह तीसरे नंबर पर पहुंच गए। तीसरे प्रयास में नीरज ने 85.02 मीटर का स्कोर किया। इस थ्रो के साथ वह दूसरे नंबर पर पहुंच गये। हालांकि जूलियन ने तब भी 86.20 मीटर थ्रो के साथ बढ़त बना रखी थी। ऐसे में चौथे प्रयास में नीरज फाउल कर बैठे। पांचवें प्रयास में नीरज की 'गोल्डन आर्म' ने अपना जादू चलाया और 87.66 मीटर का थ्रो हासिल किया। इसके साथ ही वह पहले स्थान पर पहुंच गये। छठे और अंतिम प्रयास में, नीरज ने 84.15 मीटर का थ्रो हासिल किया

## मुफ्त का राशन और हजार का सिलिंडर

श्रीकंपनपथ




महिलाओं को चूल्हा फूंकने से निजात दिलाने के लिए मोदी सरकार ने 2016 में उज्वला गैस कनेक्शन योजना की शुरुआत की थी। यह योजना निपट गरीबों को मुफ्त में गैस सिलिण्डर, रेगुलेटर और चूल्हा प्रदान करती है। 2019 तक इस योजना के तहत 5 करोड़ परिवारों को गैस कनेक्शन दिए जाने थे। इसपर कितना काम हुआ, गरीबों का जीवन कितना बदला, इसका कभी कोई सर्वे नहीं हुआ। अनेक परिवारों में गैस का चूल्हा पुरानी साड़ी में लिपटकर आलमारी के ऊपर जा बैठा है। सिलिण्डर के ऊपर पाटा रखकर रसोई का सामान रखा है। गरीब महिलाएं आज भी पाइप लेकर लकड़ी चूल्हे में फूंक मार रही हैं। 2023 में इस योजना का द्वितीय संस्करण भी प्रस्तुत हो चुका है जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। 2014 में जब रसोई गैस का सिलिंडर 410 रुपए था, तब भी यह गरीब की पहुंच से बाहर ही था। आज इसकी कीमत 1200 रुपए के करीब है। रसोई गैस ने 2016 में ही 1000 का आंकड़ा पार कर लिया था। अमीरी गरीबी अपनी जगह है पर सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि उज्वला रसोई गैस योजना का असली उद्देश्य क्या था? जिन परिवारों को सरकार राशन खरीदने में असमर्थ मानती रही उन्हें भी गैस का चूल्हा थमा दिया! सनातन की छोड़ें, जब से मानव जीवन अस्तित्व में आया है उसकी प्राथमिकताएं तय हैं। पहले पेट भरने की चिंता होती है। पेट भर जाए तो वस्त्र की जरूरत होती है। ये दोनों जरूरतें पूरी हो जाएं तब कहीं जाकर मकान की तलब होती है। यही स्वाभाविक है। पर भाजपा की प्राथमिकताएं, कम से कम छत्तीसगढ़ में तो उलटी ही हैं। वह प्रधानमंत्री खोली योजना, इन्हें आवास कहना ज़रा मुश्किल है, को लेकर राज्य सरकार पर हमलावर है। वह तो अच्छा हुआ कि छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार ने आर्थिक सर्वेक्षण शुरू कर दिया। अब जाकर खुलासा हो रहा है कि केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं का क्रियान्वयन कितना हुआ, कितने लोग लाभान्वित हुए और कितने लोग इन योजनाओं से खुश हैं। रोजगार का अभाव और लगातार बढ़ती महंगाई ने गरीबों का जीना मुश्किल कर रखा है। पहले यह आम जानकारी हुआ करती थी कि पेट्रोल डीजल के भाव बढ़ते हैं तो हर चीज महंगी हो जाती है। पर यह सरकार तो सस्ती रेल यात्रा के भी खिलाफ है। जिनकी जेब में पैसा है, उन्हें यह सरकार खूब भा रही है। आजादी के बाद पहली बार एक ऐसा वर्ग भी पैदा हो गया है जिसे इस बात का मलाल है कि उसके दिए टैक्स के पैसों से गरीब मौज कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर ऐसे ही लोग उत्पात मचाए हुए हैं। लव जिहाद और धर्मांतरण का राग भी यही लोग अलाप रहे हैं। इनकी जेबें भरी हुई हैं, फ्यूचर सिक्योर है। इनके नालायक बच्चे भी मोटी फीस भरकर डिग्रियां कबाड़ रहे हैं। विकास की इनकी परिभाषा भी अलग है। ये भारत को अमेरिका बनाना चाहते हैं।




ADMISSION OPEN
COMMERCE GURU
12th CLASS
REGULAR STUDENT
GET CLASS 11th SYLLABUS CLASSES for FREE
APPLY NOW
www.commerceguru.in @commerceguru
commerceguru2011@gmail.com
35,Gourav Path, Sundar Nagar,Bhilai
+91 9644454810
+91 8103338634

श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### शिक्षित बेरोजगारों के लिए 3 को जॉब फेयर का होगा आयोजन

**रायपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा 03 जुलाई को जॉब फेयर का आयोजन किया जा रहा है। यह जिला रोजगार कार्यालय पुराना पुलिस मुख्यालय में प्रात: 11 बजे से 2 बजे तक आयोजित होगा। इस प्लेसमेंट कैम्प का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र के उपसंचालक ने बताया कि इस कैम्प के माध्यम से एग्रोविट इंडिया प्राईवेट लिमिटेड रायपुर द्वारा एग्रीकल्चर एवं अन्य संकाय में स्नातक उत्तीर्ण आवेदकों की भर्ती एरिया सेल्स मैनेजर, मार्केटिंग डेव्हलपमेंट ऑफिसर, फिल्ड के इत्यादि पदों पर भर्ती की जाएगी। इसमें 400 से अधिक पद शामिल है। विभिन्न अनुभव के आधार पर होने वाले पदों का वेतन 10 हजार से 18 हजार प्रतिमाह होगा।

### युवा कांग्रेस ने जिलाधीश को सौपा पत्र: सीजी-12 पासिंग वाहनों को कोरबा जिले में टोल फ्री करने की मांग

**कोरबा।** युवा कांग्रेस जिला महासचिव मधुसूदन दास के नेतृत्व में कोरबा जिले में संचालित टोल में सीजी-12 पासिंग वाहनों के टोल को फ्री करने की मांग को लेकर जिलाधीश को पत्र सौंपा एव जल्द से जल्द समस्या की निराकरण की मांग की गई अन्यथा चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है। इस अवसर पर युवा कांग्रेस महासचिव मधुसूदन दास ने कहा की, यह की हमारे द्वारा देखा गया है की कोरबा जिले में पढ़ने वाले टोल प्लाजा जो कि बगदेवा, कोरबी के समीप अभी प्रारम्भ हो गया है और भी बाकी टोल प्लाजा चापा रोड में भी शुरू होने वाला है चुकी एनएच के आस-पास घनी आबादी बसी हुई है एव आस पास के निवासियों का आना जाना 24 घण्टे लगा रहता है और जितनी बार पार किया जाए उतनी बार टोल वसूली किया जाता है, अगर कोई ग्रामीण दिन भर में 3 से 4 बार जाना पड़े तो उतने बार टोल देना पड़ता है जो कि आमजनों के जेब का बहुत बड़ा डाका है साथ ही साथ क्षेत्र के निवासी अधिकतर किसान है जिनकी अवाक सीमित होती है साथ ही साथ रायपुर भिलाई और भी जिलों में लोकल गाड़ियों के लिए टोल माफ है। युवा कांग्रेस मांग करती है कि जिले में पढ़ने वाले टोल प्लाज़ा में कोरबा जिले के पासिंग घरेलू वाहनों एव स्थानिय निवासी का टोल को निशुल्क किया जाए ताकी क्षेत्र के निवासियों को तकलीफ न उठाना पढ़े और जेबो पर पड़ रहे अतिरिक्त खर्चो से राहत मिल सके। 1 हफ्ते के अंदर मामले को संज्ञान लेकर उचित कार्यवाही करने की कृपा करें अन्यथा युवा कांग्रेस चरणबध्द आंदोलन करेगी जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी प्रशासन की होगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से युवा कांग्रेस पूर्व महासचिव दीपक दास महन्त, ब्लॉक अध्यक्ष बबलू मारवा उपस्थित थे।

# संबलपुरी पैटर्न की सुंदर साड़ियां बन रही रीपा में

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** दो महीने पहले मैनचेस्टर मैराथन का एक वीडियो वायरल हुआ था। यह वीडियो यूके के मैनचेस्टर शहर का था जहां इंग्लैंड की दूसरी सबसे बड़ी मैराथन प्रतिस्पर्धा आयोजित हो रही थी। इसमें मैनचेस्टर में रहने वाली एक हाईस्कूल टीचर मधुस्मिता जेना ने भी 42 किमी की मैराथन दौड़ 4 घंटे 50 मिनट में पूरी की थी। खास बात है कि इस दौड़ में मधुस्मिता ने संबलपुरी साड़ी पहन कर हिस्सा लिया था और लोगों ने मधुस्मिता के साथ ही भारतीय वस्त्रभूषा परंपरा की काफी प्रशंसा भी की थी। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी की प्रिय रहीं संबलपुरी साड़ियों की छत्तीसगढ़ में भी ओडिशा से लगे इलाकों में भारी माँग है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा रीपा के माध्यम से स्थानीय उद्यमों को प्रोत्साहित किये जाने की नीति अपनाये जाने से रायगढ़ में संबलपुरी पैटर्न की साड़ियों का निर्माण कर महिलाएं बड़ी संख्या में आजीविका अर्जित कर रही हैं। रायगढ़ जिले के पुसौर विकासखंड के तरडा गौठान में इसका कार्य हो रहा है। यहां ओडिया शर्ट, सूटपीस और संबलपुरी कपटा पैटर्न (साड़ी), पाट साड़ी बनाने पर काम हो रहा है। रायगढ़ जिला प्रशासन ने यहां उद्यमियों को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया और इसके बाद यह उद्यम आरंभ हुआ। ढाई महीने पहले यह उद्यम नवस्पर्श महिला फाउंडेशन द्वारा आरंभ किया गया है। फिलहाल 22 महिलाएं इस कार्य से जुड़ी हुई हैं। इसके लिए 5 सैमी मैनुअल जापानी जैकार्ट मशीन लगाई गई है। संबलपुरी पैटर्न साड़ियों पर काफी महीन काम होता है। डिजाइन में बहुत से मोटिफ का इस्तेमाल किया जाता है। मशीन से आधा काम हो जाता है और आधा काम कलाकारों की अपनी सृजनात्मकता से तथा संबलपुरी साड़ी कला की समझ से होता है। कलाकारों को ट्रेनिंग देने सोनपुर से विशेषज्ञ आये हैं। एक साड़ी की कीमत तीन हजार से बारह हजार तक होती है। रायगढ़, पुसौर के साथ सुंदरगढ़ में भी इसका मार्केट है और साड़ियां अच्छी संख्या में बिक रही हैं। अभी बमकाई साड़ियों का आर्डर आया है। यह 150 साड़ियों का आर्डर है और 10 लाख का आर्डर है। इसी तरह सूट पीस का आर्डर भी है जो 50 मीटर का है और पचास हजार रुपए का है।

संबलपुरी साड़ियों का बड़ा बाजार रायगढ़ में है क्योंकि यह ओडिशा से जुड़ा हुआ इलाका है और इसकी बड़ी माँग है। स्थानीय बाजारों में इसकी उपलब्धता है और अच्छा खासा प्रतिसाद मिल रहा है।

ओडिशा में रथयात्रा बहुत लोकप्रिय है और रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा जी से जुड़े हुए शंख,चक्र, फूल जैसे मोटिफ बहुत सुंदर लगते हैं। इनके रंगों का चयन और इनका रेखांकन इन्हें बेहद खूबसूरती देता है और यही संबलपुरी साड़ियों में आये हैं।

## डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव का कटघोरा में भव्य स्वागत



श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का कोरबा जिले के कटघोरा में प्रथम प्रवास पर विधायक पुरुषोत्तम कंवर के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। सिंहदेव आज सड़क मार्ग से अंबिकापुर से रायपुर जा रहे थे और इस दौरान कुछ समय के लिए कटघोरा में रुके। यहां विधायक पुरुषोत्तम कंवर के नेतृत्व में डिप्टी सीएम का भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि जय.वीरू का जुमला पुराना हो गया है और अब काका-बाबा का नया नारा शुरू हुआ है। सिंहदेव ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, उसका वो बेहतर निर्वहन करेंगे। सीएम के पद को लेकर कहा कि इस पर पहला अधिकार कप्तान का होता है। स्वागत अवसर पर मुख्य रूप कटघोरा विधायक पुरुषोत्तम कंवर, राजीव लखनपाल,डॉ. शेख इस्तियाक, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव आकाश शर्मा,चंदन बघेल, विधायक प्रतिनिधि राज जायसवाल, जय कंवर, शिवम गुप्ता, लक्ष्मीकांत कंवर, शिवम राय, पवन शर्मा, अशरफ मेमन, देवेंद्र कौशिक,आशुतोष शर्मा,फरीद खान, अमर जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

## पूर्व माध्यमिक विद्यालय जेंजरा में मनाया गया प्रवेश उत्सव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** राज्य शासन के निर्देशानुसार कोरबा जिला ही नहीं अपितु पूरे प्रदेश में 26 जून को शाला प्रवेश उत्सव मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार एवम जिला शिक्षा अधिकारी विकास खंड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में मनाया गया। इसी कड़ी में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय जेंजरा में भी उक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें अतिथि के रूप में विकास खंड शिक्षा अधिकारी कटघोरा आई पी कश्यप पूर्व सरपंच जेंजरा मानीराम बिंघवार, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रामचंद्र, पंच रविन्द्र चौहान के साथ ही विद्यालय की प्रधान पाठिका कंचन लाल विशेष रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र पर आगंतुक अतिथियों एवं विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं सहित पालकगढ़ व छात्र-छात्राओं द्वारा पूजा अर्चना की गई एवं छात्र छात्राओं को मुंह मीठा कराया गया तत्पश्चात राज्य शासन द्वारा कक्षा छह एवं सातवी में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को दी जाने वाली निशुल्क पुस्तक वितरण भी अतिथियों द्वारा वितरण किया गयाइस बीच उपस्थित समस्त अतिथियों ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए अपना विचार व्यक्त किए विकास खंड शिक्षा अधिकारी कश्यप ने कहां की शासकीय विद्यालय किसी भी स्थिति में अन्य निजी विद्यालय के मुकाबले से कम नहीं है क्योंकि हम सभी पूर्व में शासकीय विद्यालय में पढ़कर आज इस मुकाम पर पहुंचे हैं इसलिए आप सभी छात्र.छात्राएं कभी भी अपने मन में यह भावना नहीं लाना कि हम शासकीय विद्यालय में पढ़ते हैं और इस विद्यालय में पढने वाले छात्र छात्राओं को अच्छी ऊंची पदों पर शासकीय नौकरी नहीं मिलता जबकि सही तो यह है कि हम सभी यहां उपस्थित अतिथि गण के साथ ही विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं शासकीय विद्यालय में ही पढ़ लिखकर आज इस मुकाम पर पहुंचे हैं।

## गरियाबंद में मनाया गया जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव

श्रीकंचनपथ न्यूज



**गरियाबंद।** गरियाबंद में वन विभाग के ऑक्शन हॉल में आज जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। साथ ही उन्हें पाठ्यपुस्तक, गणवेश एवं साईकिल का वितरण किया गया। जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में शामिल दिव्यांग विद्यार्थियों को ट्रायसिकल एवं विशेष उपकरण भी बांटा गया। कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी-कर्मचारियों ने स्कूली बच्चों का स्वागत कर उन्हें बेहतर पढ़ाई कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

साथ ही मन लगाकर पढ़ाई करते हुए समाज का नाम रोशन करने की भी प्रेरणा दी। जिला स्तरीय कार्यक्रम में शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न स्टॉल लगाये गये थे। इसके माध्यम से बच्चों को विभिन्न शैक्षिक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों के बारे में बताया गया। इस दौरान मौके पर अतिथियों ने सभी स्टॉलों का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति ठाकुर, उपाध्यक्ष संजय नेताम, जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वर नेताम, जनपद अध्यक्ष गरियाबंद लालिमा ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत, जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. चौहान, डीएमसी एस.के. नायक, जनपद उपाध्यक्ष प्रवीण यादव, जनपद सदस्य छबीलाल, पार्षदगण संदीप सरकार, रितिक सिन्हा, विमला साहू, प्रतिभा पटेल, ज्योति साहनी, पदमा यादव, सु नीतू देवदास, गैंदलाल सिन्हा, रमेश मेश्राम, अवध राम यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न स्कूलों के शिक्षकगण, स्कूली बच्चे एवं नागरिकगण मौजूद रहे।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति ठाकुर ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है, उन्हें अच्छा पढ़ाई करते हुए समाज और देश में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य शैक्षणिक गतिविधियों एवं खेल-कूद में भी भाग लेने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा बच्चों के बेहतर शिक्षा के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जिससे बच्चो को पढ़ाई का उत्कृष्ट माहौल मिल रहा है। इसी प्रकार जिला पंचायत सीईओ रीता यादव ने भी स्कूली बच्चों का स्वागत कर उन्हें अच्छे पढ़ाई के लिए शुभकामनाएं दी।

# बेरोजगारी भत्ता से मिला सहारा कौशल विकास से नौकरी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मेरे परिवार की स्थिति ठीक नहीं थी, बेरोजगारी भत्ता मिलने से मुझे सहारा मिला, हमने कभी सोचा नहीं था कि हमें ढ़ाई हजार रूपए बेरोजगारी भत्ता मिलेगा, इससे हमारे माता-पिता का आर्थिक बोझ कुछ कम हुआ। अब मैं अपनी पढ़ाई कर सकूंगा। ये उद्गार बेरोजगारी भत्ता प्राप्त कर रहे युवाओं के हैं। युवाओं को बेरोजगारी भत्ते के साथ-साथ विभिन्न ट्रेडों में कौशल विकास प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है, जिससे वे स्वयं का उद्यम प्रारंभ करने के अलावा नौकरी भी कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज अपने निवास कार्यालय में बेरोजगारी भत्ता योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के हितग्राहियों के लिए आयोजित कार्यक्रम में इन दोनों योजनाओं के हितग्राहियों से रू-ब-रू हुए। इस कार्यक्रम से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभिन्न जिलों के जनप्रतिनिधि और हितग्राही ऑनलाईन जुड़े थे।

तोकापाल के तुलसी को मिली सिक्युरिटी गार्ड की नौकरी

वर्चुअली जुड़े बस्तर जिले के तोकापाल विकासखण्ड के ग्राम करंजी के तुलसी राम कश्यप ने अपने विचार साझा करते हुए मुख्यमंत्री को बताया कि उन्हें लाइवलीहुड कॉलेज में सिक्युरिटी गार्ड की ट्रेनिंग मिली है और रोजगार मेले में उन्हें नौकरी भी मिल गई है। उन्होंने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। सरगुजा के निखिल सिंह ने कहा कि बेरोजगारी भत्ता योजना से उन्हें और उनकी बहन को आर्थिक सहयोग मिलने से उनकी परेशानियां कम हुई हैं। उन्होंने बताया कि ग्रेजुएशन करने बाद वे घर बैठे थे। अंबिकापुर के लाइवलीहुड कॉलेज में उन्हें असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन का प्रशिक्षण प्राप्त हुआ, अब उन्हें 11 हजार रूपए की नौकरी का ऑफर लेटर मिल गया है।

सूरजपुर जिले की प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की हितग्राही गणेशी केंवट ने बताया कि इस योजना में उन्हें 01 लाख 20 हजार रूपए स्वीकृत हुए हैं, पहली किश्त में 25 हजार रूपए की राशि मिली थी, जिससे डीपीसी तक का काम कराया है। कच्चे मकान में परेशानी होती थी, अब पक्का मकान मिल रहा है। गणेशी केंवट ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। नारायणपुर जिले के ग्राम करलखा के श्री भागवत प्रसाद यदु ने बताया कि उन्हें 01 लाख 30 हजार रूपए स्वीकृत हुए हैं, पहली किश्त 45 हजार रूपए मिल गई है। उन्होंने योजना के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।

रायगढ़ जिले के बेरोजगारी भत्ता के हितग्राही श्री मिलाप पटेल ने बताया कि उन्हें बेरोजगारी भत्ता की किश्त तीन माह से लगातार मिल रही है। अब उन्हें चैतन्य ग्रुप में कस्टमर रिलेशनशिप एक्जीक्यूटिव की नौकरी मिल गई है। कार्यक्रम में बेरोजगारी भत्ता पाने वाले युवाओं ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना के तहत मिल रही आर्थिक मदद से वे अपनी जरूरतें पूरी करने के साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर पा रहे हैं। उन्हें अब कौशल विकास की भी ट्रेनिंग मिल रही है। बेरोजगारी भत्ता के हितग्राही जिन्हें मुख्यमंत्री ने अपने निवास कार्यालय में ऑफर लेटर प्रदान किया है, उनमें से मुंगेली जिले के श्री लक्ष्मण कुमार ने बताया कि उन्हें बेरोजगारी भत्ता मिल रहा है, अब सुख किसान बॉयो प्लांटेक में फील्ड ऑफिसर की नौकरी मिल गई है। नीता साहू ने बेरोजगारी भत्ता योजना के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। रायपुर के एक हितग्राही ने बताया कि बेरोजगारी भत्ता से उनके दैनिक गुजारा आसानी से हो रहा है। उन्होंने सीपेट से ट्रेनिंग की है, अब उन्हें नौकरी मिल गई है।

### प्रोजेक्ट उन्नति अंतर्गत ग्रामीणों को उद्यमिता विकास के सिखाए गए गुर

**गरियाबंद।** प्रोजेक्ट उन्नति के अंतर्गत मनरेगा में 100 दिन का रोजगार पूरा करने वाले 30 ग्रामीणों को उद्यमिता विकास की ट्रेनिंग दी गई। इसमें 26 महिलाएं एवं 4 पुरुष शामिल है। 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में इन सदस्यों को ग्रामीण स्तर पर ही साबुन, सैंपू, डिटर्जेंट, हैंडवॉश, फिनाइल आदि बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। उद्यमिता विकास के गुर सिखने के पश्चात ग्रामीणों के समक्ष आजीविका गतिविधियां संचालित करने की नई राह खुल गई है। प्रशिक्षण पाकर ग्रामीण स्वरोजगार के नये माध्यमों से जुड़कर अधिक आय अर्जित करने की ओर अग्रसर होंगे। जिससे घरेलु और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भी सुधार होगी।

BIG BRAND
Premium Store
30% Off
70001 78467
70008 73376
Near KPS school , Nehru Nagar ,Bhilai

ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार
होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65
CONTACT
Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों को दी डॉक्टर्स डे की बधाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 'नेशनल डॉक्टर्स डे' के अवसर पर देश और प्रदेश के सभी चिकित्सकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि हर साल महान चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री भारत रत्न डॉ. बिधानचंद्र राय की स्मृति में उनके जन्मदिन एक जुलाई को नेशनल डॉक्टर्स डे के रूप में मनाया जाता है। इस दिन हम चिकित्सकों की अमूल्य सेवा और समर्पण के प्रति सम्मान प्रगट करते हैं। श्री बघेल ने कहा कि मरीजों को नया जीवन देने के कारण डॉक्टर धरती के भगवान माने जाते हैं। कोरोना काल में डॉक्टर्स द्वारा की गई मानवता की नि:स्वार्थ सेवा को पीढ़ियों तक याद किया जायेगा।

### शिक्षित बेरोजगारों के लिए 03 जुलाई को जॉब फेयर का होगा आयोजन

**रायपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा 03 जुलाई को जॉब फेयर का आयोजन किया जा रहा है। यह जिला रोजगार कार्यालय पुराना पुलिस मुख्यालय में प्रात: 11 बजे से 2 बजे तक आयोजित होगा। इस प्लेसमेंट कैम्प का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना है।

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र के उपसंचालक ने बताया कि इस कैम्प के माध्यम से एग्रोविट इंडिया प्राईवेट लिमिटेड रायपुर द्वारा एग्रीकल्चर एवं अन्य संकाय में स्नातक उत्तीर्ण आवेदकों की भर्ती एरिया सेल्स मैनेजर, मार्केटिंग डेव्हलपमेंट ऑफिसर, फिल्ड के इत्यादि पदों पर भर्ती की जाएगी। इसमें 400 से अधिक पद शामिल है। विभिन्न अनुभव के आधार पर होने वाले पदों का वेतन 10 हजार से 18 हजार प्रतिमाह होगा।

### इनफोर्समेंट ऑफिसर, अकाउंट ऑफिसर और असिसटेंट प्रोविडेंट फंड कमिश्नर की परीक्षा कल

**रायपुर।** संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली द्वारा आयोजित इनफोर्समेंट ऑफिसर, अकाउंटेंट ऑफिसर और असिसटेंट प्रोविडेंट फंड कमिश्नर इन (ईपीएफओ) की परीक्षा 2 जुलाई को दो पलियों में आयोजित की आएगी। प्रथम पाली सुबह 9:30 बजे से 11:30 तक एवं द्वितीय पाली दोपहर दो बजे से शाम 4 बजे तक 24 परीक्षा केन्द्रों में संचालित की जाएगी। परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन के लिए रायपुर डिप्टी कलेक्टर रूचि शर्मा को सहायक को-आर्डिनेटिंग सुपरवाइजर नियुक्त किया गया है।

### पीएटी एवं पीव्हीपीटी भर्ती परीक्षा कल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित पीएटी एवं पीव्हीपीटी भर्ती परीक्षा 2 जुलाई को सुबह 9 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक 09 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन के लिए परीक्षा प्रभारी अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर रूचि शर्मा को नोडल अधिकारी एवं सहायक संचालक कौशल विकास विभाग केदार पटेल को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# पौष्टिकता से भरपूर है ढेकी कुटा चावल

## जशपुर के जीराफूल किस्म से तैयार किया जा रहा है पोषक चावल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। शहरों में ढेकी कुटा चावल की बढ़ती मांग और इसके पोषक मूल्य के कारण यह दिनों दिन लोकप्रिय होते जा रहा है। इस चांवल में 40 प्रतिशत से अधिक आयरन, 50 प्रतिशत से अधिक फाइबर और प्रचुर मात्रा में विटामिन होता है। जिला प्रशासन जशपुर की पहल पर बालाछापर के महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क में इसका उत्पादन किया जा रहा है। इससे महिला समूहों को भी रोजगार मिल रहा है।**




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हमेशा अपनी परंपरा में छिपी वैज्ञनिकता को सहेजने के प्रति आग्रह करते हैं। हमारे खानपान की बहुत सी परंपरा ऐसी है जो स्वास्थ्य के प्रति सजग लोगों को बहुत आकृष्ट करती है। ऐसा ही है ढेकी में कुटा चावल। चावल के पालिश हो जाने से इसके विटामिन काफी हद तक नष्ट हो जाते हैं। ढेकी का चावल पौष्टिक मूल्यों से युक्त होता है। बालाछापर रीपा में ढेकी चावल बनाया जा रहा है और आकर्षक पैकेजिंग तथा ब्राडिंग से इसका बड़ा बाजार तैयार हो रहा है।




ढेकी कुटा चावल में सबसे अधिक मांग जीरा फूल चावल की है। जशपुर जिले में जीराफूल चावल का सबसे अधिक पैदावार होती है। सुगंधित किस्म के चावल होने के कारण इसकी मांग अन्य प्रदेशों में भी बढ़ते जा रही है। वैदिक वाटिका के समर्थ जैन ने बताया कि बालाछापर के 13 महिलाओं को ढेकी कुटा चावल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही चावल की आकर्षक पैकिंग के लिए भी प्रशिक्षित किया जा रहा है। ढेकी कुटा चावल की बिक्री सी-मार्ट के माध्यम से जा रही है।

ढेकी कुटा चावल पोषण के दृष्टिकोण से उत्तम माना जाता है। इसके साथ ही चावल का ऊपरी आवरण संरक्षित रहता है। जिसमें विटामिन ई की मात्रा भरपूर पाई जाती है। चावल में बेहतर पोषक गुण और 40 प्रतिशत से अधिक आयरन, 50 प्रतिशत से अधिक फाइबर मौजूद रहता है। प्राकृतिक शुद्धता के कारण इस चावल को अन्य प्रदेशों में अच्छी पैकिंग के साथ भेजने की कार्य योजना तैयार की गई है।

राज्य में खाद-बीज की गुणवत्ता जांच का अभियान जारी

# जांच में अमानक पाए गए नमूनों के लॉट का विक्रय प्रतिबंधित

### बीजों के 2609, उर्वरकों के 698 सेम्पल लिए गए

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने खरीफ सीजन के मद्देनजर किसानों को उनकी डिमांड के अनुरूप मानक स्तर के खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि खरीफ सीजन की शुरूआत हो चुकी है। किसानों को बेहतर क्वालिटी का खाद और बीज समय मिले, यह सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। इसमें किसी भी तरह की कमी अथवा लापरवाही नहीं होना चाहिए।

मुख्यमंत्री के निर्देश के परिपालन में राज्य के किसानों को मानक स्तर का खाद-बीज और पौध संरक्षण औषधि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कृषि विभाग द्वारा विक्रेता संस्थानों की जांच पड़ताल और सेम्पल लिए जाने का अभियान तेजी से शुरू कर दिया गया है। कृषि विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी अपने-अपने इलाकों में बीज, खाद और कीटनाशक औषधियों के सेम्पल ले रहे हैं, जिसकी जांच गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला में की जा रही है। खरीफ सीजन 2023 में अब तक बीज के 2609, रासायनिक उर्वरकों के 698 तथा पौध संरक्षण औषधियों के 84 सेम्पल लेकर जांच के लिए गुण नियंत्रण प्रयोगशाला को भेजा जा चुका है।

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुण नियंत्रण प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट में बीज के 26, उर्वरक के 14 और पौध संरक्षण



औषधि के 3 सेम्पल अमानक पाए गए हैं। अमानक पाए गए सेम्पल के लाट की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाए जाने के साथ ही संबंधित फर्मों के संचालकों को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया गया है। खरीफ फसलों के बीज के अब तक 2609 सेम्पल लिए गए है, जिसमें से 1945 सेम्पल के विश्लेषण में 1919 सेम्पल मानक स्तर के और 26 अमानक स्तर के पाए गए हैं। विभिन्न प्रकार के बीजों के 664 सेम्पल की प्रयोगशाला जांच परिणाम अभी आने शेष है। इसी तरह उर्वरकों के लिए गए 698 सेम्पल को प्रयोगशाला में भेजकर जांच कराने का 422 सेम्पल मानक स्तर के तथा 14 अमानक स्तर के पाए गए हैं। उर्वरकों के 219 सेम्पल की जांच रिपोर्ट अभी आना बाकी है, जबकि 43 सेम्पल कतिपय कारणों से निरस्त कर दिए गए हैं। पौध संरक्षण औषधि के संग्रहित 84 सेम्पल में से 30 सेम्पल मानक स्तर के, 3 अमानक स्तर के पाए गए हैं तथा 37 सेम्पल की जांच अभी प्रक्रियाधीन है। कतिपय कमियों के चलते पौध संरक्षण औषधि के 14 सेम्पल निरस्त कर दिए गए हैं।

# संस्कार पूर्ण शिक्षा सें राष्ट्र प्रेम बढ़ता हैः जिनेश शास्त्री

**रायपुर (ए)।** सिद्धचक्र महामण्डल विधान के पांचवे दिन शुक्रवार सुबह श्रीजी का अभिषेक शांतिधारा कर विधान प्रारम्भ किया गया। ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन नायक एवं सचिव राजेश रज्जन जैन ने बताया की सिद्ध चक्र महामंडल विधान अष्टानिका महापर्व पर महेंद्र कुमार जैन सनत कुमार अनिल कुमार मनोज रोमिल मनीष सौम्य अंकित अंकुज जैन चूड़ी वाले परिवार द्वारा करवाया जा रहा है। इसका समस्त जैन समाज के धर्म प्रेमी बंधु धर्म लाभ ले रहे है। साथ ही रायपुर के समस्त दिगम्बर जैन मंदिर का भरपूर सहयोग मिल रहा है। 1 जुलाई को सुबह 7 बजे शांति धारा, ततपश्चात विधान प्रारम्भ। शाम 7 बजे आरती प्रवचन एवं केसरिया गरबा। युवा मण्डल द्वारा 2 जुलाई को विधान मे सुबह शांति धारा अभिषेक उपरांत विधान प्रारम्भ। शाम 7 बजे आरती प्रवचन के बाद कराओके संध्या। राकेश अंजू जैन द्वारा 3 जुलाई को विश्वशांति हवन के साथ विधान का समापन आभार प्रदर्शन एवं सम्मान का कार्यक्रम किया जायेगा। कार्यक्रम उपरांत सभी के वात्सल्य भोजन की व्यवस्था प्रतिदिन रखी गयी है।

2 जुलाई रविवार को नरेन्द्र जैन अरुणा जैन गुरुकृपा परिवार समता कॉलोनी द्वारा आचार्य विद्यासागर



महाराज के डोंगरगढ़ दर्शन हेतु नि:शुल्क 50 सीटर बस गाँधी मैदान कोतवाली चौक सें सुबह 6 बजे डोंगरगढ़ जाएगी।

विधानाचार्य ब्र. जिनेश शास्त्री ने अपने उदबोधन मे कहा की संस्कार पूर्ण शिक्षा सामाजिक धार्मिक के साथ लौकिक शिक्षा राष्ट्र और समाज के लिए उन्नति कारक है। वर्तमान शिक्षा प्रणाली मे सें सामाजिक कर्तव्यों को जब सें अलग किया गया है तब सें परिवारों मे विघटन समाज और राष्ट्र मे कर्तव्य हीनता बढ़ती ही जा रही है जो सब के लिए अहितकारी है। आजकल दिखावटी प्रभावना ताम झाम प्रदर्शन दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे है जिससे आंतरिक शांति और सुरक्षा घटती जा रही है। अतएव अर्थोपार्जन-धनोपार्जन विधा बाहरी सुख तो प्रदान करती है परन्तु समाज राष्ट्र के लिए हितकारी नहीं है।

जल जीवन मिशन

# राज्य में 25.29 लाख से अधिक परिवारों को मिला घरेलू नल कनेक्शन



### घरेलू नल कनेक्शन देने में जांजगीर-चांपा जिला अग्रणी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य के ग्रामीण अंचलों में नि:शुल्क घरेलू नल कनेक्शन देने का काम तेजी से किया जा रहा है। प्रदेश में जल जीवन मिशन के अंतर्गत घरों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत 50 लाख 10 हजार 563 परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन दिया जाना है। जिसके तहत वर्तमान में 25 लाख 29 हजार 416 घरेलू नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं। इसके साथ-साथ राज्य के 43 हजार 978 स्कूलों, 41 हजार 725 आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा 17 हजार 290 ग्राम पंचायत भवनों और सामुदायिक उप-स्वास्थ्य केन्द्रों में टेप नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की व्यवस्था की गई है। जिसमें छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिला सर्वाधिक 2 लाख 25 हजार 482 ग्रामीण परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन देने में अग्रणी है। इसी तरह राजनांदगांव जिला 1 लाख 76 हजार 104 तथा रायगढ़ जिला 1 लाख 48 हजार 994 परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन देने में क्रमश: दुसरे और तीसरे स्थान पर है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरु रुद्रकुमार के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे जल जीवन मिशन के अंतर्गत राज्य में प्रति व्यक्ति, प्रतिदिन 55 लीटर के मान से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है, इसके लिए सभी जिलों में कार्ययोजना तैयार कर तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। इस मिशन के तहत घरेलू नल कनेक्शन के अतिरिक्त स्कूल, उप-स्वास्थ्य केंद्र एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में भी रनिंग वाटर की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही साथ जमीनी स्तर पर राज्य में सिंगल विलेज स्कीम और मल्टी विलेज स्कीम सहित अन्य पेयजल योजनाओं सहित जल जीवन मिशन के कार्यों का क्रियान्वयन सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी डॉ. एस. भारतीदासन और मिशन संचालक आलोक कटियार द्वारा लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है।

जल जीवन मिशन के तहत अब तक रायपुर जिले में 1 लाख 36 हजार 381, धमतरी जिले में 1 लाख 24 हजार 898, बलौदाबाजार-भाटापारा में 1 लाख 23 हजार 339, महासमुंद जिले में 1 लाख 23 हजार 295, कवर्धा 1 लाख 13 हजार 697, बिलासपुर जिले में 1 लाख 8 हजार 651, दुर्ग 1 लाख 07 हजार 758 और बेमेतरा जिले में एक लाख 04 हजार 891 नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं। इसी तरह मुंगेली में एक लाख 02 हजार 392, बालोद में 99 हजार 601, गरियाबंद 84 हजार 479, बलरामपुर में 76 हजार 459, सरगुजा जिले के 75 हजार 169, जशपुर में 74 हजार 919, कोरबा में 71 हजार 401, सूरजपुर में 68 हजार 823, बस्तर में 67 हजार, कांकेर 65 हजार 152, कोण्डागांव में 64 हजार 717, कोरिया में 63 हजार 131, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 32 हजार 109, सुकमा में 26 हजार 393, बीजापुर 24 हजार 494, दंतेवाड़ा में 23 हजार 064 और नारायणपुर जिले में 16 हजार 623 ग्रामीण परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं।

# किसानों को 4335 करोड़ रुपए से अधिक का कृषि ऋण वितरित

**रायपुर।** राज्य में खरीफ सीजन 2023 के लिए 6100 करोड़ रुपए कृषि ऋण के रूप में किसानों को उपलब्ध कराए जाने का लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 4335 करोड़ 61 लाख रूप का ऋण किसानों को दिया जा चुका है, जो कि निर्धारित लक्ष्य का 71 प्रतिशत है। खरीफ 2022 में राज्य के किसानों को इसी अवधि में 3243 करोड़ 84 लाख रुपए का ऋण वितरित किया गया था। चालू खरीफ सीजन में किसानों को वितरित कृषि ऋण बीते वर्ष इसी अवधि में वितरित ऋण से लगभग 792 करोड़ अधिक है। खरीफ सीजन 2022 में किसानों को 5563 करोड़ 60 लाख रुपए का अल्पकालीन कृषि ऋण दिया गया था।

गौरतलब है कि राज्य में जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा कृषि काश्त में कमी लाने के लिए किसानों को रियायती दर पर उच्च गुणवत्ता की जैविक खाद सहकारी समितियों के माध्यम से कृषि ऋण के रूप में प्रदाय किए जाने की व्यवस्था शासन द्वारा की गई है। यहां यह उल्लेखनीय है कि सुराजी गांव योजना के तहत अब तक गांव में निर्मित एवं संचालित 10,235 गौठानों में गोधन न्याय योजना के तहत ग्रामीण किसानों एवं पशुपालकों से 2 रुपए किलो में गोबर की खरीदी नियमित रूप से की जा रही है। क्रय गोबर से वृहद पैमाने पर वर्मी कम्पोस्ट, सुपर कम्पोस्ट का उत्पादन महिला समूहों द्वारा किया जा रहा है। गौठानों में अब तक महिला समूहों द्वारा अब तक लगभग 35 लाख क्विंटल जैविक खाद का उत्पादन किया गया है, जिसमें से 27 लाख क्विंटल से अधिक खाद का उठाव और उपयोग राज्य के किसानों सहित अन्य संस्थानों द्वारा किया जा चुका है।

# पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय माना में 469 पुरुष, महिला एवं तृतीय लिंग नवआरक्षकों का दीक्षांत परेड कार्यक्रम संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** पुलिस महानिरीक्षक गुप्तवार्ता अजय यादव के मुख्य आतिथ्य में आज पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय माना के परेड ग्राउंड में 469 पुरूष, महिला एवं तृतीय लिंग नवआरक्षकों का बुनियादी प्रशिक्षण दीक्षांत परेड कार्यक्रम संपन्न हुआ। महिला एवं तृतीय लिंग के 29 वें सत्र दीक्षांत समारोह में 308 महिला एवं 12 तृतीय लिंग नवआरक्षक तथा पुरुष नवआरक्षकों के 42 वें सत्र दीक्षांत समारोह में 149 नव आरक्षक सम्मिलित हुए।

मुख्य अतिथि अजय यादव (भापुसे) पुलिस महानिरीक्षक, गुप्तवार्ता, छत्तीसगढ़ ने अपने संबोधन में दीक्षांत परेड समारोह में शामिल नवआरक्षकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रशिक्षण सदैव एक तराशने की प्रक्रिया होती है । इस अवसर पर उन्होंने अपने पासिंग आउट परेड का भी स्परण किया। श्री यादव ने कहा कि अपराध एवं अपराधियों की



आपराधिक कार्यप्रणाली में भी परिवर्तन हो रहा है, आपको ऐसी कार्यप्रणाली के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता है। मार्डन गजेट्स व अन्य संसाधन जहां अपराध की कार्यप्रणाली को बढ़ाते हैं वहीं यदि हम इनकी उपयोगिता को समझे तो अधिक कारगर ढंग से अपराध को नियंत्रित कर सकते हैं।

पीटीएस माना के संस्था प्रमुख डॉ. इरफान-उल रहीम खान ने बताया कि इस संस्था को बीपीआरएण्डडी नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2021-2022 में केन्द्रीय गृहमंत्री ट्राफी से सम्मानित किया गया एवं 02 लाख रुपये नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है। इस वर्ष संस्था को पर्यावरण प्रबंधन तंत्र एवं गुणवत्ता तंत्र पर ISO सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर 29वां सत्र महिला/तृतीय लिंग नवआरक्षक से ऑल राउण्ड बेस्ट प्रशिक्षणार्थी का प्रथम स्थान महिला नवआरक्षक अभिलाषा सिंह जिला-राजनांदगांव को एवं 42वां सत्र पुरूष नवआरक्षक ऑल राउण्ड बेस्ट प्रशिक्षणार्थी का प्रथम स्थान मिथलेश पुजारी जिला-दन्तेवाड़ा को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन राकेश बघेल उप पुलिस अधीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय माना द्वारा किया गया।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# जुलाई में ही अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी वरुण धवन की 'बवाल'

पिछले काफी समय से फिल्म बवाल लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। बीते दिनों यह खबर आई कि फिल्म सिनेमाघरों में नहीं आएगी, बल्कि ओटीटी का रुख करेगी। अब यह भी सामने आ गया है कि फिल्म कब और किस प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। इसी के साथ इसका नया पोस्टर भी रिलीज किया गया है। फिल्म के हीरो वरुण धवन ने सोशल मीडिया पर यह ऐलान किया है। आइए जानते हैं उन्होंने अपने पोस्ट में क्या लिखा।



वरुण ने जान्हवी कपूर के साथ फिल्म का नया पोस्टर साझा कर लिखा, बदलेगा सबके दिलों का हाल क्योंकि दुनियाभर में होने वाला है बवाल। इस जुलाई बनेगा माहौल क्योंकि बवाल अमेजन प्राइम वीडियो के जरिए दुनियाभर के दर्शकों तक पहुंचने वाली है। वरुण के इस पोस्ट से उत्साहित होकर एक यूजर ने लिखा, वाह! अक्टूबर से पहले ही आ रहे हैं। दूसरे ने लिखा, बस मचा दीजिए बवाल। पहले यह फिल्म 6 अक्टूबर, 2023 को रिलीज होने वाली थी।

इस साल मार्च में बवाल की नई रिलीज डेट जारी हुई थी। समीक्षक तरण आदर्श ने ट्विटर पर वरुण और जान्हवी की तस्वीर के साथ फिल्म के निर्माता साजिद नाडियाडवाला और निर्देशक नितेश तिवारी की तस्वीर साझा कर लिखा, बवाल की नई रिलीज डेट जारी। यह 6 अक्टूबर, 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। बवाल पहले 7 अप्रैल, 2023 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन फिल्म का काम बचा होने की वजह से इसकी रिलीज टाल दी गई।

बीत दिनों खबर आई थी कि फिल्म के ओटीटी पर आने से पूरी टीम खुश है। खासकर वरुण और जान्हवी इस फैसले से बेहद खुश और उत्साहित हैं क्योंकि इसके जरिए उन्हें दुनियाभर के दर्शकों तक पहुंचने में मदद मिलेगी। पिछली बार जान्हवी की गुड लक जेरी और मिली जैसी फिल्में ओटीटी पर आई थीं, वहीं वरुण की फिल्म भेड़िया ने भी सिनेमाघरों के बाद जियो सिनेमा पर बढ़िया प्रदर्शन किया था।

वरुण जाने-माने निर्देशक एटली की अगली फिल्म में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। इसके अलावा 1975 में आई फिल्म चुपके चुपके के रीमेक से भी वरुण का नाम जुड़ चुका है। हॉलीवुड सीरीज सिटाडेल के देसी वर्जन सिटाडेल इंडिया में भी वरुण मुख्य भूमिका में हैं। दूसरी तरफ जान्हवी को जल्द ही सुपरस्टार जूनियर एनटीआर के साथ फिल्म देवरा में देखा जाएगा। इसके अलावा मिस्टर और मिसेज माही और उलझ भी उनकी आने वाली फिल्मों में शुमार हैं।

# प्रेगनेंसी में हाई हील्स पहनना हो सकता है खतरनाक! आपकी एक गलती बढ़ा सकती है कई परेशानियां

खूबसूरत दिखने के लिए महिलाएं हाई हील्स पहनना पसंद करती हैं। कुछ महिलाएं तो प्रेग्नेंसी में भी हाई हील्स पहन लेती हैं। यह बेहद खतरनाक होता है। महिलाओं को ऐसा करने से बचना चाहिए। हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक, हील्स सैंडल्स या शूज प्रेग्नेंसी को काफी मुश्किल बना सकते हैं। इसके पीछे कई साइंटिफिक कारण भी है। आइए जानते हैं प्रेग्नेंसी में हील्स पहनने से क्यों मना किया जाता है।

## प्रेग्नेंसी में हील्स पहनने से क्या-क्या नुकसान हैं

### पीठ दर्द की समस्या

हाई हील्स पहनकर चलने से पोश्चर गड़बड़ हो जाता है। ज्यादा देर तक इसे पहनने से पैल्विक मांसपेशियां झुक जाती हैं। इसकी वजह से पीठ भी झुकी सी रहती है। अब चूंकि प्रेग्नेंसी में बॉडी वेट काफी तेजी से बढ़ता है, ऐसे में पोश्चर पर ज्यादा असर पड़ता है और पीठ में दर्द की समस्या शुरू हो सकती है। गर्भावस्था में हाई हील्स पहनने से पीठ के निचले हिस्से और पैरों के लिगामेंट में भी समस्याएं आ सकती हैं।

### पैरों में ऐंठन की प्रॉब्लम

ज्यादा देर तक हाई हील्स पहने रहने से पैरों की मांसपेशियां सिकुड़ जाती हैं और मांसपेशियों में ऐंठन शुरू होने लगती है। प्रेग्नेंसी के दौरान यह समस्या और भी ज्यादा बढ़ सकती है।

### पैरों का बैलेंस खराब हो सकता है

प्रेग्नेंसी में ज्यादा वजन बढ़ने की वजह से कई तरह के हार्मोनल बदलाव भी होते हैं। इस वजह से टखने कमजोर हो जाते हैं और बैलेंस करने में दिक्कत आती है। हील्स पहनने से यह समस्या बढ़ सकती है और खड़े-खड़े गिरने का खतरा भी बढ़ सकता है, जो मां और बच्चे दोनों के लिए खतरनाक हो सकता है।

### पैरों में सूजन की परेशानी

जब कोई महिला प्रेग्नेंट होती है, तब उसके पैरों, टखनों और पैरों में सूजन काफी सामान्य होता है। कंफर्टेबल जूते और चप्पल न पहनने की वजह से ऐसा ज्यादातर होता है। टाइट जूते और हील्स बनने से यह समस्या और भी बढ़ती है।

### गर्भपात का खतरा

हाई हील्स पहनना और लंबे समय तक पहनकर रखना प्रेग्नेंसी में खतरनाक हो सकता है। इसकी वजह से गर्भवती महिलाओं में अबॉर्शन का रिस्क काफी बढ़ जाता है। इसलिए प्रेग्नेंसी में महिलाओं को हाई हील्स पहनने से बचना चाहिए।



# बिग बॉस ओटीटी 2 शीजान के बारे में बात करते हुए भावुक हुईं फलक नाज

बिग बॉस ओटीटी 2 में शामिल अभिनेत्री फलक नाज ने शो में अपने भाई शीजान खान की सह-अभिनेत्री तुनिशा शर्मा की मौत के बाद जेल जाने की परेशानी भरी जिंदगी के बारे में बताया। शो के लेटेस्ट एपिसोड में भावुक होते हुए फलक ने अपने भाई के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि कैसे उनके भाई के जेल जाने के बाद उनके परिवार को मानसिक परेशानी झेलनी पड़ी। फलक ने कहा, मैं कभी भी अपने परिवार के साथ खड़े होने और उसकी रक्षा करने का श्रेय नहीं लेती।



फलक ने साझा किया कि छोटा भाई शाबी केवल शीजान के बारे में पूछता रहता था, जब वह सलाखों के पीछे था। वह और उसका परिवार शबी को यह नहीं बता सके कि शीजान कब वापस आएगा। उन्होंने आगे कहा कि, एक बार शबी, शीज़ान से मिलने जेल गए थे। शबी ने खिड़की की दूसरी तरफ रहकर शीजान से फोन पर बात की थी और रोते हुए उन्होंने शीजान से पूछा था कि तुम घर कब आ रहे हो। फलक ने कहा कि लोग कहते रहते हैं कि इसके कर्म ही खराब हैं। इंसानियत बिल्कुल नहीं बची है। कुछ लोग तो यहां तक कहते हैं कि मैं यहां शो में अपने परिवार की छवि चमकाने आई हूं। उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसा करने की जरूरत नहीं है।

# अवनीत कौर छोटे कपड़े पहनकर इंटरनेट का बढ़ा रही हैं तापमान

एक्ट्रेस अवनीत कौर अपनी फिल्म टीकू वेड्स शेरू की वजह से काफी लाइमलाइट में बनी हुई हैं। एक्ट्रेस की हाल ही में कुछ तस्वीरें इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में उनका हॉटनेस भरा अंदाज देखकर फैंस का दिल तेजी से धड़कनें लगा है। बॉलीवुड में फिल्म टीकू वेड्स शेरू से डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस अवनीत कौर ने हाल ही में अपनी तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस बेहद ही हॉट स्टनिंग नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस का हर लुक फैंस के बीच ट्रेंड कर रहा है। अवनीत कौर ने अपनी इन तस्वीरों में ब्लैक एंड व्हाइट कलर की सिंगल स्ट्रेप ड्रेस पहनी हुई है। ओपन कर्ली हेयर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। 21 साल की उम्र में भी अवनीत कौर ने अपनी हॉट अदाओं से लोगों को इस कदर दीवाना बनाया हुआ है कि लोग तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एक्ट्रेस अवनीत कौर का हर एक लुक फैंस को आहें भरने पर मजबूर कर देता है। हालांकि एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को देखकर भी फैंस एक बार फिर उनके कातिलाना अदाओं के दीवाने हो गए हैं। अवनीत कौर सोशल मीडिया सेंसेशन हैं और उनकी इंस्टाग्राम पर फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी तगड़ी है।



# अनुप्रिया ने असुर 2 की सफलता का श्रेय निर्देशक को दिया



क्राइम थ्रिलर सीरीज असुर और असुर 2 में नैना नायर की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री अनुप्रिया गोयनका सीजन 2 को मिल रही प्रतिक्रिया से काफी खुश हैं। अभिनेत्री शानदार प्रतिक्रिया के लिए शो के निर्देशक ओनी सेन को श्रेय देती हैं। अभिनेत्री ने साझा किया कि वह निर्देशक के व्यक्तित्व से प्रभावित थीं। उन्होंने कहा: शो के सीजन 1 के लिए मैंने अपने कैरेक्टर के बजाय शो में शामिल लोग और स्टोरीलाइन पर विश्वास किया।

मैं ओनी के व्यक्तित्व से प्रभावित थी। वह बहुत दिलचस्प हैं। दूसरे सीजन के लिए हां कहने पर उन्होंने कहा, दूसरे सीजन के लिए, गौरव शुक्ला ने वास्तव में पहले से अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने इतनी सारी परतें बनाई हैं, शो में बहुत कुछ हो रहा है। ओनी बहुत ही बारीकी से चीजों को देखते हैं।

मैं शो के सभी कलाकारों की ओर से कह सकता हूं कि हमें उन पर पूरा भरोसा है। असुर 2, जिसमें अरशद वारसी, बरुण सोबती, रिद्धि डोगरा, अमेय वाघ, विशेष बंसल भी हैं, जियो सिनेमा पर स्ट्रीम करने के लिए उपलब्ध है।

# केले के साथ और बाद में भूलकर भी ना खाएं ये चीजें आयुर्वेद में बताए गए हैं केला खाने के सही नियम

केला सदाबहार फल है और लोग इसे शौक से खाते हैं। लेकिन जिस तरह कई फूड कॉम्बिनेशन शरीर के लिए गलत होते हैं, ठीक उसी तरह केले के साथ भी कुछ चीजों का सेवन आयुर्वेद में सेहत के लिए बुरा बताया गया है। आयुर्वेद में काफी विस्तार से इस बारे में बात की गई है कि केले के साथ और इसे खाने के तुरंत बाद किन चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए।

### केले खाने के बाद पानी पीने के खतरे

आयुर्वेद में कोई भी फल खाने के बाद पानी पीने की मनाही की जाती है और यही बात केले पर भी लागू होती है। दरअसल केला तासीर में भारी होता है और इसे खाने के बाद इसके पाचन में काफी समय लगता है। अगर आप इसे खाने के तुरंत बाद पानी पिएंगे तो आपको अपच, गैस, अफारा,एसिडिटी और यहां तक कि कब्ज की भी दिक्कत हो सकती है। पानी ही नहीं केला खाने के एक घंटे बाद किसी भी तरह का लिक्विड नहीं पीना चाहिए।



### कफ आता है तो नुकसान करेगा बनाना शेक

आयुर्वेद कहता है कि जिन लोगों को कफ दोष होता है उनको दूध के साथ केले का सेवन नहीं करना चाहिए। बनाना शेक भी इसी में आता है क्योंकि इसमें दूध और केला मिलाते हैं। अगर आपको कफ दोष है तो आप केले के साथ किसी भी तरह का डेयरी प्रोडक्ट ना ले। इससे आपका डाइजेशन बिगड़ सकता है। आयुर्वेद में केले और दूध का सेवन करने से त्वचा संबंधी एलर्जी के उभरने की भी बात की गई है।

### रात में केला खाने से बचिए

केला सेहतमंद फल है लेकिन इसके भारीपन के चलते इसे रात में नहीं खाने की सलाह दी जाती है। इसकी ठंडी तासीर भी आपको खांसी, बलगम और छाती में जकड़न कर सकती है। रात में केला खाने पर इसके पचने में दिक्कत होगी जिससे नींद भी इफेक्ट हो सकती है।

# ब्यूटिफुल ब्लू कलर आउटफिट में श्रिया सरन लग रही हॉट

अजय देवगन की ऑनस्क्रीन वाइफ श्रिया सरन इन दिनों अपने लेटेस्ट तस्वीरों के कारण सोशल मीडिया पर चर्चाओं में बनी हुई हैं। वो अक्सर सोशल मीडिया पर अपने बोल्ड पोस्ट शेयर कर इंटरनेट का तापमान बढ़ा देती हैं। श्रिया सरन के बहुत से ऐसे लुक्स को देखकर फैंस भी दंग रह जाते हैं। इसी बीच एक बार फिर से एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान की कुछ तस्वीरें इंस्टा पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में वो हॉट तो लग रही थीं लेकिन यूजर्स ने उन्हें बूरी तरह ट्रोल कर दिया है। साउथ और बॉलीवुड इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस श्रिया सरन एक बार फिर से अपनी तस्वीरों के चलते सोशल मीडिया पर Oops मूमेंट का शिकार हो गई हैं। हाल ही में फोटोशूट के दौरान एक्ट्रेस ने बेहद ही ब्यूटिफुल ब्लू कलर का आउटफिट पहना हुआ था। एक्ट्रेस अपने इस आउटफिट में हॉट नजर आ रही थीं, लेकिन यूजर ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया था। हालांकि उर्फी जावेद से कंपेयर भी करने लगे थे। दरअसल, श्रिया सरन ने एक ऑफ-शोल्डर डेनिम आउटफिट पहना हुआ था। इस ड्रेस में कमर की दोनों साइड में बहुत बड़ा कट लगा हुआ था, जिसके चलते लोगों ने उन्हें खूब बूरी तरह ट्रोल कर दिया था। एक यूजर ने उन्हें ट्रोल करते हुए कहा- उर्फी तो यूं ही बदनाम है, वहीं दूसरे यूजर ने लिखा- उर्फी जावेद का लाइट वर्जन। श्रिया सरन अपने इस आउटफिट में जमकर फिगर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। कई लोग उनके इस लुक को देखकर बोल रहे हैं कि उन पर ये आउटफिट नहीं सूट कर रहा है। जहां एक्ट्रेस का ये बोल्ड अवतार कुछ फैंस को बेहद पसंद आ रहा है तो वहीं कुछ लोगों ने नेगेटिव कॉमेंट्स भी किए हैं।



दुर्गा, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER,
Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### जिले में पर्याप्त रासायनिक खाद उपलब्ध, समितियों के मांग अनुसार की जा रही पूर्ति

**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में खरीफ वर्ष 2023 में जिले में रासायनिक खाद का पर्याप्त भंडारण किया जा चुका हैं। किसानों के मांग अनुसार वर्तमान में 77 प्रतिशत खाद का भंडारण हो चुका है। कृषि कार्य को देखते हुए गत दिवस आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री सिन्हा ने सभी एसडीएम को सोसायटियों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए थे, ताकि किसानों को खाद की समस्या न हों। जिला विपणन अधिकारी ने बताया कि जिले में कृषि विभाग द्वारा 29750 मे.टन का लक्ष्य रखा गया है। जिसके विरूद्ध आज दिनांक तक विपणन संघ के खाद गोदामों में 22779 मे.टन खाद भण्डारण कराया जा चुका है जो कि लक्ष्य का 77 प्रतिशत है। जिसमें से आज तक 14007 मे.टन रासायनिक उर्वरकों का समितियों में भण्डारण कराया गया है। जिले के खाद भण्डारण केन्द्रों में यूरिया रासायनिक खाद का 82 प्रतिशत एवं डीएपी रासायनिक खाद का 100 प्रतिशत भण्डारण कराया जा चुका है। जिसमें से 8772 मे.टन रासायनिक खाद जिले के खाद संग्रहण केन्द्रों में बचत है। प्रदायक कंपनियों द्वारा भी समय-समय पर रासायनिक खादों की आपूर्ति की जा रही है। जिसे जिले की समितियों में मांग के आधार पर पूर्ति कराया जा रहा है। ताकि किसानों को कृषि कार्य हेतु रासायनिक खाद आसानी से उपलब्ध हो सके।

### राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने समस्त डॉक्टरों को दी बधाई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर समस्त डॉक्टरों को दी बधाई शुभकामनाएं। विस् अध्यक्ष डॉ महंत ने अपने बधाई संदेश में कहा कि, कोरोनाकाल में हमारे चिकित्सकों ने ही अपने अथक प्रयासों से मानव सेवा करते हुए, अपने प्राण जोखिम में डाल कर मनुष्यों को नया जीवन दिया है, जिसमें अनेक डॉक्टरों की मृत्यु भी हुई है, उनके प्रति मै अपनी ओर से श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं। ईश्वर उन्हें श्रीचरणों में स्थान दें एवं उनके परिजनों को शक्ति प्रदान करें। विस् अध्यक्ष डॉ महंत ने अपने बधाई संदेश में कहा कि, चिकित्सक दिवस, पृथ्वी पर मानवों का भगवान कहे जाने वाले चिकित्सकों को समर्पित है। इस ख़ास दिन पर पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री बिधान चन्द्र राय को भी याद किया जाता है। बिधान चन्द्र राय देश के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी होने के साथ-साथ एक चिकित्सक भी थे। आज़ादी के बाद उन्होंने अपना सारा जीवन लोगों के लिए चिकित्सा सेवा को समर्पित कर दिया। बिधान चन्द्र राय की स्मृति में ही 'राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस' भारत में 1 जुलाई को मनाया जाता है।

### राजीव गांधी बाली भविष्य योजना : कक्षा 11वीं में लेटरल एन्ट्री के लिए आवेदन 6 तक आमंत्रित

**गरियाबंद।** राजीव गांधी बाल भविष्य योजना अंतर्गत राज्य शासन द्वारा प्रदेश के अधिसूचित क्षेत्रों, आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल पीड़ित/प्रभावित क्षेत्रों में स्थित शालाओं में अध्ययनरत प्रतिभावान अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों से कक्षा 11वीं में लेटरल एन्ट्री में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित की गई है। सत्र 2023-24 में इन विद्यालयों के कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 6 जुलाई 2023 निर्धारित की गई है। भरे गये आवेदन में त्रुटि सुधार 7 जुलाई से - 9 जुलाई तक किया जा सकेगा। प्रवेश के लिए चयन प्राक्कयन परीक्षा 16 जुलाई को सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक आयोजित की जायेगी। ऑनलाइन लिंक में जाकर आवेदन भर सकते है। योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए आदिम जाति कल्याण विभाग के वेबसाईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट ट्रायबल डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन का भी अवलोकन किया जा सकता है।

### जिल्गा व कलमीटिकरा में घूम रहे हाथियों का दल

**कोरबा।** जिले के कटघोरा एवं कोरबा वनमंडल में बड़ी संख्या में हाथियों का दल विचरण कर रहा है। हाथियों के इन दोनों ही डिविजनों में मौजूदगी ने ग्रामीणों के साथ-साथ वन विभाग की परेशानी बढ़ा दी है। जहां ग्रामीण हाथियों के डर से अपने खेती-किसानी संबंधी जरूरी कामकाज नहीं निपटा पा रहे हैं वहीं वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी निगरानी में व्यस्त रहने के कारण विभागीय कामकाज नहीं कर पा रहे हैं। वन विभाग के अधिकारियों के समक्ष हाथियों को रिहायशी क्षेत्र में आने से रोकने की चुनौती बनी हुई है। जानकारी के अनुसार कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में इन दिनों 53 हाथी घूम रहे हैं। जिल्गा सर्किल में सक्रिय हाथियों ने बीती रात उत्पात मचाते हुए ग्रामीणों के बाड़ी व खेत में लगे कटहल व आम को खाने के साथ ही पौधों को भी तहस-नहस कर दिया।

केंद्रीय रसायन और उर्वरक एवं स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री, डॉ. मनसुख मांडविया ने राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि मंत्रियों के साथ किसानों के लिए विशेष पैकेज की घोषणा पर वर्चुअली बातचीत की

# कीटनाशक के दुष्प्रभाव को कम करने के लिए जैविक खेती को बढ़ावा देना होगा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली (पीआईबी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने 3,68,676.7 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ किसानों के लिए नवीन योजनाओं के एक विशेष पैकेज को मंजूरी दी है। यह पैकेज टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देकर किसानों के समग्र कल्याण और उनकी आर्थिक बेहतरी पर केंद्रित है।**




ये पहल किसानों की आय को बढ़ायेंगी, प्राकृतिक एवं जैविक खेती को मजबूती देंगी, मिट्टी की उत्पादकता को पुनर्जीवित करेंगी और साथ ही खाद्य सुरक्षा भी सुनिश्चित करेंगी यह बात केंद्रीय रसायन और उर्वरक एवं स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री, डॉ. मनसुख मांडविया ने राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि मंत्रियों को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहीङ्ख

इस वर्चुअल बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर एवं 20 से अधिक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि मंत्री शामिल हुए ङ्ख बैठक में मौजूद राज्यों के कृषि मंत्रियों ने केंद्रीय उर्वरक एवं रसायन मंत्री एवं केंद्र सरकार से समय समय पर मिलने वाले सहयोग के लिए एवं इस पैकेज के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया । डॉ. मांडविया ने कहा कि सीसीईए ने किसानों को करों और नीम कोटिंग शुल्कों को छोड़कर 266.70 रुपये प्रति 45 किलोग्राम की बोरी की समान कीमत पर यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए यूरिया सब्सिडी योजना को जारी रखने की मंजूरी दे दी है।

पैकेज में तीन वर्षों के लिए (2022-23 से 2024-25) यूरिया सब्सिडी को लेकर 3,68,676.7 करोड़ रुपये आवंटित करने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है। यह पैकेज हाल ही में अनुमोदित 2023-24 के खरीफमौसम के लिए 38,000 करोड़ रुपये की पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) के अतिरिक्त है। किसानों को यूरिया की खरीद के लिए अतिरिक्त खर्च करने की आवश्यकता नहीं होगी और इससे उनकी इनपुट लागत को कम करने में मदद मिलेगी।

वर्तमान में, यूरिया की एमआरपी 266.70 रुपये प्रति 45 किलोग्राम यूरिया की बोरी है (नीम कोटिंग शुल्क और लागू करों को छोड़कर) जबकि बैग की वास्तविक कीमत लगभग 2200 रुपये है। यह योजना पूरी तरह से भारत सरकार द्वारा बजटीय सहायता के माध्यम से वित्तपोषित है। यूरिया सब्सिडी योजना के जारी रहने से जारी रहने से यूरिया का स्वदेशी उत्पादन भी अधिकतम होगा। माननीय उर्वरक एवं रसायन मंत्री ने कहा कि धरती माता ने हमेशा मानव जाति को भरपूर मात्रा में जीविका के स्रोत प्रदान किए हैं। यह समय की मांग है कि खेती के अधिक प्राकृतिक तरीकों और रासायनिक उर्वरकों के संतुलित/सतत उपयोग को बढ़ावा दिया जाए। प्राकृतिक/जैविक खेती, वैकल्पिक उर्वरकों, नैनो उर्वरकों और जैव उर्वरकों को बढ़ावा देने से हमारी धरती माता की उर्वरता को बहाल करने में मदद मिल सकती है। वैकल्पिक उर्वरक और रासायनिक उर्वरक के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देने के लिए राज्यों को प्रोत्साहित करने के लिए 'धरती माता की उर्वरता की बहाली, जागरूकता, पोषण और सुधार हेतु प्रधानमंत्री कार्यक्रम (पीएम-प्रणाम)' शुरू किया गया है

डॉ. मांड़विया ने सभी राज्यों से आह्वान किया कि सभी को संयुक्त रूप से जैविक खेती बढ़ावा देना चाहिए और मिटटी की उर्वरता और मानव जीवन पर कीटनाशक से होने वाले दुष्प्रभाव को काम किया जा सके ङ्ख

उन्होंने बताया कि गोबरधन संयंत्रों से जैविक उर्वरकों को बढ़ावा देने के लिए बाजार विकास सहायता (एमडीए) के लिए 1451.84 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

## मुख्यमंत्री कार्यक्रम में 60 युवाओं को मिला सिक्योरिटी गार्ड का नियुक्ति पत्र

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सुकमा। जिले में प्लेसमेंट कैंप के माध्यम से चयनित युवाओं को गत दिवस मिनी स्टेडियम सुकमा आयोजित मुख्यमंत्री कार्यक्रम के दौरान सिक्यूरिटी गार्ड की नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम में नवनियुक्त 60 युवाएं सिक्योरिटी कार्ड का नियुक्ति पत्र पाकर उत्साह जाहिर कर शासन प्रशासन का आभार व्यक्त किया।**

कार्यक्रम में आबकारी मंत्री कवासी लखामा ने सिक्योरिटी गार्ड के पद पर चयनित युवाओं को उनकी सफ्लता पर बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आप सभी नौकरी कर आर्थिक रूप से सक्षम होकर, जिले के साथ ही राज्य का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि आज आप सभी को नियुक्ति पत्र मिला है, आपके लिए यह जीवन की नई यात्रा की शुरुआत है। प्रदेश सरकार ने विभिन्न विभागों में भर्ती लेना शुरू कर दी है। प्रदेश सरकार के पहल से युवाओं को पीएससी और व्यापम की आवेदन निशुल्क कर दी गई है जिससे आप आवेदन कर अपने सपने को पूरा कर सकते है। प्रदेश सरकार ने युवाओं को बेरोजगारी भत्ता जारी करने के साथ ही मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार देने का काम कर रही है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर हरिस. एस, सीईओ जिला पंचायत डीएन कश्यप, जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र सुकमा के अधिकारी एसके भार्वे सहित अन्य उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि लाइवलीहुड कॉलेज सुकमा में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र सुकमा के माध्यम से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजक गार्डियन्स सिक्योरिटी एण्ड फैसिलिटी प्राइवेट लिमिटेड एसएसडी हैदराबाद के माध्यम से युवाओं का प्रारंभिक चयन सिक्योरिटी गार्ड के पद पर किया गया था।

### बेरोजगारी भत्ता ले रहे युवाओं को मिला रोजगार

जिले के विजय कुमार, विजय कुमार, दीपक कुमार बेरोजगारी भत्ता के हितग्राही थे। जिन्हे लाईवलीहुड सुकमा में मुख्यमंत्री कौशल विकास प्राधिकरण अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री कार्यक्रम में नियोजक गार्डियन्स सिक्योरिटी एण्ड फैसिलीटी प्राइवेट लिमिटेड एसएसडी हैदराबाद में सिक्योरिटी गार्ड के पद पर 60 युवाओं का चयन किया गया है, जिनमें बेरोजगारी भत्ता के 3 हितग्राही भी शामिल है। लाईवालीहुड कॉलेज में शिक्षित बेरोजगार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार एवं स्वरोजगार से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। साथ ही रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराई जाती है।

## शुद्ध मतदाता सूची अच्छे निर्वाचन का है आधार-कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा ने आज सृजन सभाकक्ष में द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 कार्यक्रम के तहत बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर की बैठक ली। कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि शुद्ध मतदाता सूची अच्छे निर्वाचन का आधार होता हैं। उन्होंने सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को सर्वे का कार्य गंभीरता से करने के निर्देश दिए। जिससे निर्वाचन का कार्य बेहतर ढंग से हो सके।**

कलेक्टर श्री सिन्हा ने आगामी निर्वाचन अंतर्गत द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 कार्यक्रम के तहत बीएलओ द्वारा घर-घर सर्वे के कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री सिन्हा ने निर्देशित किया कि 18 वर्ष के नये मतदाताओं का शत-प्रतिशत नाम जोडऩा सुनिश्चित करें। उन्होंने बुजुर्ग, दिव्यांग एवं तृतीय लिंग की मतदान केन्द्रवार सूची बनाने के निर्देश दिए। बैठक में मतदाता सूची में नाम जोडऩे काटने, स्थानांतरण करने की समीक्षा की गई। बीएलओ ने बताया कि सर्वे कार्य के साथ मतदाता सूची में नाम जोडऩा अर्थात फॉर्म 6, विलोपित एवं मृत मतदाताओं का विलोपन फॉर्म 7 तथा संशोधन हेतु फॉर्म 8 नियमित रूप से सभी मतदान केंद्रों के बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर द्वारा घर-घर जाकर किया जा रहा है। कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि विशेष रूप से नए मतदाताओं का नाम जोडऩे के साथ ही मृत एवं स्थानांतरित लोगों का नाम विलोपित करना है। उन्होंने कहा कि किसी भी मतदाता का नाम विलोपित करने से पूर्व उनके स्थानांतरण के संबंध में उनके परिवार के अन्य सदस्य अथवा मोहल्ले से संबंधित जानकारी सुनिश्चित करें एवं पंचनामा बनाने पश्चात विलोपन का कार्य करें। इस दौरान बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर द्वारा सर्वे में आ रही समस्या से अवगत कराए जाने पर कलेक्टर श्री सिन्हा ने नायब तहसीलदार को पहचान पत्र बनवाने के निर्देश दिए, जिससे सर्वे कार्य सुचारू रूप से किया जा सके। उन्होंने कम प्रतिशत मतदान केंद्रों की समीक्षा करते हुए वहां के बीएलओ से इस संबंध में जानकारी ली। बीएलओ ने बताया कि ऐसे क्षेत्र ज्यादातर औद्योगिक क्षेत्र हैं, जहां मतदाता लिस्ट में नाम है, लेकिन वे वोट नही देते एवं स्थानांतरित हो चुके है।

## संभागायुक्त डॉ संजय अलंग ने बलौदाबाजार जिले के तहसील एसडीएम एवं जिला कार्यालय का किया निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** सम्भागायुक्त डॉ. संजय अलंग ने आज बलौदाबाजार जिले के प्रवास के दौरान तहसील,अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय सहित संयुक्त जिला कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया और कामकाज का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयों की विभिन्न शाखाओं जैसे- कानूनगो, वित्त, डब्ल्यूबीएम, रिकार्ड रूम सहित विभिन्न संधारित पंजियों व दस्तावेजों का गहन निरीक्षण किया और राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर चंदन कुमार एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को दिए।

तहसील न्यायालय में निरीक्षण के दौरान पंजीयों के संधारण में गंभीर खामियां कमिश्नर को मिली। जिस पर बलौदाबाजार तहसीलदार बलराम तम्बोली एवं नायब नाजिर शाखा के प्रभारी मालिकराम यादव को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 15 दिवस के भीतर रिकार्ड को दुरूस्त करने निर्देश दिए। कमिश्नर ने सभी न्यायालयों के प्रकरणों को बारी-बारी से अध्ययन कर प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए है। उन्होनें निरीक्षण के दौरान कहा कि बार-बार पेशी बुलाने से हितग्राहियों काफी तकलीफ होती है। इससे न केवल उनका पैसा बर्बाद होता है, बल्कि समय की भी बर्बादी होती है। अत: सभी पेशियों कमी लाते हुए शीघ्र ही प्रकरणों का निराकरण करें।

उन्होनें कहा कि रिकार्ड का दुरूस्तीकरण नहीं हो पा रहा है। इसके लिए प्रकरणों का अधूरा नस्तीबध्द करना भी एक महत्वपूर्ण कारण है अत: इसके लिए सभी न्यायलयीन मजिस्ट्रेट अपने प्रकरणों को तभी नस्तीबध्द कर पायेगा जब उसमें बी-वन, पी-टू एवं खसरा का उल्लेख कर उक्त कापी को जोड़ा जायेगा। इस दौरान उन्होनें तहसील में आये आवेदक किसान ग्राम कंजी निवासी बाबूराव एवं वकीलों के प्रतिनिधि मण्डल से मुलाकात कर जानकारी ली। इस दौरान वकीलों ने राजस्व न्यायालयों में हो रही समस्याओं के बारे में कमिश्नर को अवगत कराया। कमिश्नर श्री अलंग ने शीघ्र ही निराकरण के आश्वासन देते हुए कलेक्टर को उचित समाधान करने के निर्देश दिए।

सँयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में कमिश्नर डॉ संजय अलंग ने सभी राजस्व अधिकारियों की बैठकर कर कामकाज की विस्तृत समीक्षा की है। उन्होंने इस दौरान नामांतरण, अविवादित बंटवारा,अभिलेख दुरुस्ती, भू-अर्जन, भू-भाटक, सीमांकन जैसे प्रकरणों का विस्तृत समीक्षा किए। उन्होंने कहा की सभी रिकार्ड को अनिवार्य रूप से दुरस्त एवं सभी प्रकरणों को शत प्रतिशत ई कोर्ट में दर्ज करने के निर्देश दिए है। साथ ही सप्ताह में एक दिन पटवारियों का नियमित बैठक कर कार्य की समीक्षा करने के निर्देश दिए।

# आंगनबाड़ी में मिले अंडा, चिक्की, मूंग, चना एवं पौष्टिक आहार ने किया कमाल

श्रीकंचनपथ न्यूज



**गरियाबंद।** महिलाओं एवं बच्चों को कुपोषण से मुक्ति दिलाने राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान का संचालन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से अंडा, चिक्की, मूंग, चना, फल्लीदाना, गरम पका भोजन एवं अन्य पौष्टिक आहार का वितरण किया जा रहा है। इसके माध्यम से महिलाओं एवं बच्चों को कुपोषण से उबरने में मदद मिल रही है।

इसी कड़ी में फिं गेश्वर की तीन वर्षीय बालिका हर्षिता भी आंगनबाड़ी में मिले पौष्टिक आहारों के मदद से कुपोषण से मुक्त हो गई। हर्षिता पहले मध्यम कुपोषित वर्ग में थी, जो आज योजना का लाभ उठाकर मध्यम कुपोषित से मुक्त होकर सामान्य स्थिति में आ गई है।

ग्राम पंचायत किरवई में जन्मी हर्षिता तारक का वजन जन्म के समय 2.500 किलो ग्राम था। जन्म के बाद से ही बच्ची कमजोर होने लगी। मुख्यमंत्री सुपोषण योजना प्रारंभ के समय बच्ची की उम्र 2 वर्ष 4 माह की थी एवं वजन 7.800 किलो ग्राम था। इस दौरान बच्ची मध्यम श्रेणी कुपोषण वर्ग में थी । बढ़ती उम्र के साथ बच्ची का वजन नहीं बढ़ रहा था। घर में कुछ भी खाने में रूचि नहीं दिखा रही थी। मुख्यमंत्री सुपोषण योजनांतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पलता कापसे द्वारा बच्ची को प्रतिदिन मीन्यू अनुसार गरम भोजन प्रदाय किया गया। भोजन में उन्हे प्रतिदिन चांवल, दाल, रोटी, हरी सब्जी, सोयाबीन बड़ी, अण्डा, अंकुरित मूंग, चना, फल्लीदाना का बना चिकी, आचार आदि दिया गया। साथ ही बाल संदर्भ शिविर में स्वास्थ जांच कराकर दवाई प्राप्त कर समय से सेवन कराया गया। प्रतिदिन गृह भेंट कर पोषण आहार व दवाई सेवन की निगरानी की गई। आईएलए प्रशिक्षण में पोषण संबंधी जानकारी एएनएम, मितानीन के साथ सामूहिक रूप से गृह भेंट के माध्यम से पालक को दी गई। इसके अलावा बच्ची को झिल्ली बंद (बाहरी चीज) न खिलाने तथा केवल घर का बना गरम भोजन खिलाने के लिए निर्देशित किया गया। इनसे बच्चे के वजन और ऊचांई में सुधार आया। वर्तमान में कु. हर्षिता तारक का वजन 11 किलो 100 ग्राम, ऊचांई 88 सेन्टीमीटर व ग्रेड सामान्य श्रेणी में है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान अंतर्गत 15 से 49 आयु वर्ग के एनीमिक महिलाओं/गर्भवती तथा 02 से 03 वर्ष के कुपोषित बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्र के माध्यम से पौष्टिक गरम भोजन प्रदाय किया जा रहा है।

### अभनपुर-राजिम-पाण्डुका सड़क निर्माण अंतर्गत पेड़ कटाई के बदले रोपे जायेंगे 10 गुना पौधे

**गरियाबंद।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130सी के अंतर्गत 40 किलोमीटर लम्बाई की अभनपुर-राजिम-पाण्डुका टू-लेन सड़क निर्माण अंतर्गत काटे गये वृक्षों के बदले 10 गुना पौधे लगाये जायेंगे। न्यायालय अपर कलेक्टर द्वारा टू-लेन मय पेव्हट सोल्डर निर्माण कार्य के लिए कुल 3 हजार 845 नग वृक्षों के विदोहन के एवज में 10 गुना पौधे यानी 38 हजार 450 पौधों के रोपण के शर्त पर अनुमति दी गई है। वन संरक्षक सह प्रभारी वनमण्डलाधिकारी गरियाबंद वन मंडल ने बताया कि 38 हजार 450 पौधों के रोपण के लिए कार्य योजना बनाये गये हैं। इसके अंतर्गत परिक्षेत्र फिंगेश्वर अंतर्गत 250 पौधे वर्ष 2022 में ही कृष्णकुंज में रोपित किये जा चुके हैं। इसी प्रकार वन परिक्षेत्र गरियाबंद अंतर्गत वन कक्ष क्रमांक 534, 539 बीट घुटकुनवापारा एवं मालगांव में वर्ष 2023-24 में 37 हजार 450 पौधों के रोपण प्रस्तावित किये गये हैं।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan


ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर



### लगातार बारिश से ढह गया कच्चा मकान, पति-पत्नी के दबने से हुई मौत

**बालोद।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में बड़ा हादसा हो गया। यहां के देवरी थाना क्षेत्र में कच्चा मकान गिरने से एक दंपत्ति की दर्दनाक मौत हो गई। मामला ग्राम सिरपुर का है, यहां लगातार हो रही बारिश से परिवार के दो लोग हादसे का शिकार हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार घटना बुधवार रात की है। बताया जा रहा है कि संतराम यादव (55) और उनकी पत्नी कुंती बाई (50) सो रहे थे। बारिश के कारण उनका छप्पर और दीवार भरभराकर गिर पड़े। जिसके नीचे बदने से दोनों की मौत हो गई। जिस छप्पर के गिरने से यादव दंपत्ति की मौत हुई है वह प्लास्टिक और मुरम से बना हुआ था। रात भर बारिश से ईंट की दीवार गीली हो गई और अचानक गिर गई। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

### पुलिसकर्मी की पत्नी से 5 लाख की ठगी, मामला दर्ज

**बिलासपुर (ए)।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में अज्ञात ठगों ने एक महिला के खाते से 5 लाख रुपये उड़ा लिए। मोबाइल में ओटीपी भेजकर ठगों ने 5 लाख की ठगी की। महिला की शिकायत पर पुलिस केस दर्ज कर जांच में जुटी है। बैंक कर्मचारी बनकर ठग ग्राहकों को फोन कर रहे हैं और उनसे उनके खाते से जुड़ी सारी जानकारी ले रहे हैं। मंझवापारा के रहने वाले राम नाथ डहरिया पुलिस विभाग में प्रधान आरक्षक के पद पर थे। उनकी सड़क हादसे में मौत हो गई थी। मौत के बाद उनका प्रोविडंट फंड की रकम पत्नी ज्योति डहरिया के एसबीआई कलेक्ट्रेट शाखा में जमा थे। 22 जून को ज्योति के मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात मोबाइल से बार बार फोन किया गया। खुद को कलेक्ट्रेट शाखा का कर्मचारी बताते हुए खाता अपडेट कराने की बात कहकर खाता क्रमांक, पैन कार्ड, आधार कार्ड की जानकारी ले ली गई। महिला से ओटीपी मांगी गई और खाते से करीब 5 लाख रुपये निकाल लिए गए। अपने साथ हुई ठगी से महिला पूरी तरह अंजान थी।

30 जून को ज्योति के खाते में पेंशन की रकम जमा होने पर खाते में बैलेंस के बारे में पता चला। जिसके बाद वह बैंक पहुंची और पता कराया। बैंक से पता चला कि उसके बैंक खाते से किसी ने 22 जून को 5 लाख रुपये निकाल लिए हैं। जिसके बाद महिला सिविल लाइन थाने पहुंची और अपने साथ हुई आपबीती की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने केस दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

हत्यारे आशिक को आजीवन कारावास

# महिला ने संबंध बनाने से किया था मना गुस्से में बेटे और ससुर की ले ली थी जान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**अंबिकापुर।** डेढ़ वर्ष पूर्व सरगुजा जिले के उदयपुर थाना क्षेत्र में एकतरफा प्रेम में विधवा महिला, उसके बेटे और ससुर की चाकू मारकर नृशंस हत्या के आरोपी युवक को प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश नीलिमा सिंह बघेल ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी घटना दिवस की रात विधवा महिला से मिलने उसके घर पहुंच गया था। महिला ने प्रेम संबंध स्थापित करने से मना कर दिया और नाराजगी जताई तो उसने चाकू से वार कर महिला के साथ ही उसके 10 वर्षीय बेटे और ससुर की चाकू से कई बार वार कर हत्या कर दी थी।



मिली जानकारी के अनुसार उदयपुर के लैंगा गांव में 8 सितंबर की आधी रात मेघुराम सिरदार 50 वर्ष, उसकी बहू कलावती सिरदार 27 वर्ष अपने 10 वर्षीय बेटे चंद्रिका की नृशंस हत्या कर दी गई थी। महिला का शव घर के बाहर खाट में, उसके पुत्र का शव सड़क में एवं मेघुराम का शव घर के दरवाजे में मिला था। इस हत्याकांड से सरगुजा जिले में सनसनी फैल गई थी। मामले की जांच में पता चला कि कलावती सिरदार अपने पति की करीब तीन वर्ष पूर्व मौत हो जाने के बाद अपने बेटे के साथ ससुर के घर रहने लगी थी। नृशंस हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने तत्कालीन एसपी अमित तुकाराम कांबले ने पुलिस टीम का गठन किया और मामले के तह तक पहुंची।

पुलिस टीम को सूचना मिली कि लैंगा गांव का ही अरविंद सिरदार उर्फ बिटना पिता बसंत राम पूर्व में मृतका कलावती से कई बार मिलने की कोशिश कर चुका था। संदेह होने पर पुलिस ने अरविंद सिरदार से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने तीनों की हत्या करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से मृतका का मोबाइल बरामद किया गया था। पुलिस ने उसे धारा 302, 201 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजने के बाद प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया।

### परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर आजीवन कारावास

मामले की पुलिस जांच एवं ट्रायल के दौरान कोई प्रत्यक्षदर्शी गवाह नहीं मिला। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश नीलिमा सिंह बघेल ने परिस्थिति जन्य साक्ष्य के आधार पर आरोपी को धारा 302 के तहत आजीवन कारावास एवं अन्य धाराओं के तहत अलग से सजा सुनाई है।

### मिलने पहुंचा था आरोपी, कर दी तीनों की हत्या

पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी अरविंद सिरदार विधवा कलावती से एकतरफा प्रेम करता था। वह उससे प्रेम संबंध स्थापित करना चाहता था, लेकिन महिला ने इससे कई बार इंकार कर दिया था। 8 सितंबर की रात 12 बजे वह कलावती से मिलने उसके घर पहुंचा था। कलावती ने प्रेम संबंध स्थापित करने से मना कर दिया और उसे फटकार लगाई तो आक्रोश में उसने खाट पर बैठी कलावती पर वार किया। कलावती के हट जाने से चाकू उसके बेटे चंद्रिका को लग गया। चंद्रिका उठकर भागा और सड़क पर बेहोश होकर गिर गया। यह देखकर कलावती चीखने लगी तो आरोपी अरविंद ने कलावती के पेट एवं गले में चाकू से वार कर उसकी हत्या कर दी। शोर सुनकर घर में सो रहा मेघुराम बाहर आया तो आरोपी ने उसपर भी चाकू से कई वार कर उसकी हत्या कर दी। आरोपी ने इसके बाद सड़क पर गिरे चंद्रिका पर भी चाकू से कई वार कर उसकी हत्या कर दी।

# छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व जीएम अशोक चतुर्वेदी गिरफ्तार

### भ्रष्टाचार के कई मामले हैं दर्ज




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** आय से अधिक संपत्ति और भ्रष्टाचार के मामले छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व जीएम अशोक चतुर्वेदी को एसीबी ईओडब्ल्यू की टीम ने गिरफ्तार किया है। उन्हें देर रात आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले से गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद कोर्ट से जमानत याचिका खारिज हो गई जिसके बाद से फरार चल रहे थे। रायपुर पुलिस देर रात उसे गुंटूर के होटल से गिरफ्तार किया। आरोपी को लेकर लौट रही है। शनिवार को उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा।

अशोक चतुर्वेदी पर आय से अधिक संपत्ति ओर भ्रष्टाचार के कई मामले दर्ज हैं। छत्तीसगढ़ एसीबी व ईओडब्ल्यू की टीम को अशोक चतुर्वेदी की लंबे समय से तलाश थी। एसीबी की टीम को पतासाजी के दौरान गुंटूर में उसकी लोकेशन मिली। इसके बाद टीम भेजी गई। गुंटूर में एक होटल में आरोपी अशोक चतुर्वेदी छिपा हुआ था। टीम ने यहां दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया है। टीम उसे लेकर रायपुर के लिए रवाना हो गई है। शनिवार को उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### प्रशासन ने रूकवाया बाल विवाह

**गरियाबंद (ए)।** महिला एवं बाल विकास विभाग की सतर्कता से मैनपुर विकासखण्ड के एक गांव में बाल विवाह होने से रोका गया। दूरभाष के माध्यम से प्राप्त सूचना अनुसार मिशन वात्सल्य गरियाबंद से गोपाल सिंह कंवर एवं चाईल्ड लाईन 1098 से नंद कुमार नायक एवं धवलपुर चौकी के द्वारा बाल विवाह स्थल पर पहुंचकर पूछताछ कर दाखिल खारिज के अनुसार बालिका के आयु का सत्यापन करते हुये बाल विवाह रोका गया।

# नारायणपुर में पुलिस ने उड़ाया नक्सल कैंप, दो माओवादी भी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है। यहां पुलिस ने नक्सलियों के कैंप को उड़ाने में सफलता पाई है। पुलिस को ग्राम आसनार और भटबेड़ा क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दराज पी. और पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा के नेतृत्व में नक्सल विरोधी अभियान शुरू कर यह सफलता पाई गई।

मिली जानकारी के अनुसार थाना धनोरा से डीआरजी और आईटीबीपी की टीम ने भटबेड़ा के जंगल में सर्चिंग की। सुरक्षाबलो के आने की सूचना नक्सलियों को लग गई और वे वहां से भाग गए। इस दौरान सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के एक कैंप को उड़ा दिया। इस बीच दो दो संदिग्ध व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर छिप रहे थे। जिसे पुलिस बल के द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया।

पूछताछ में एक ने अपना नाम दासू कोर्राम और दूसरे विजय कोर्राम निवासी आसनार बताया है। दोनों नेलनार एरिया कमेटी अन्तर्गत आसनार जनताना सरकार में जनमिलिशिया सदस्य हैं और अप्रैल में हुई घटना में सड़क काटा था। पुलिस ने दोनों के खिलाफ धारा 147, 148, 149, 341, 431 भादवि, 25 आर्म्स एक्ट, धारा 3 (2) (ड) लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम, 10, 13 (1), 38 (2), 39 (2) विधि विरूद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के अन्तर्गत मामला दर्ज किया है। दोनों आरोपियों की संलिप्तता पाये जाने से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

कोरबा कमर्शियल कॉम्पलेक्स अग्निकांड

# साहेब कलेक्शन के संचालक पर एफआईआर हादसे में हुई थी तीन लोगों की मौत

श्रीकंचनपथ न्यूज




**कोरबा।** 12 दिन पहले कोरबा व्यस्ततम बाजार टीपी नगर के कमर्शियल कॉम्पलेक्स में लगी आग के मामले में जांच पूरी हो गई। प्रशासनिक जांच में इस पूरे अग्निकांड का जिम्मेदार कॉम्पलेक्स में स्थित साहेब कलेक्शन को माना गया है। पुलिस ने साहेब कलेक्शन के संचालक भूपेन्द्र सिंह गांधी पर धारा 304, 34 के तहत केस दर्ज किया है।

बता दें 19 जून को सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत टीपीनगर कर्मिशियल कॉम्प्लेक्स में आग लग गई थी। इस अग्निकांड में 3 लोगों की मौत हो गई थी। आग की भयावहता इतनी ज्यादा थी कि लोगों ने प्रथम तल से कूदकर अपनी जान बचाई। इस आग को बुझाने में फायर ब्रिगेड को कई बार ट्रेवल करना पड़ा था। हादसे के बाद मामले में कलेक्टर ने प्रशासनिक जांच टीम बनाई। टीम ने जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंप दी है। रिपोर्ट के आधार पर कॉम्पलेक्स की दुकान साहेब कलेक्शन के संचालक को दोषी माना गया।

प्रशासन की जांच रिपोर्ट में छह बिंदुओं पर संचालक को दोषी माना गया है। प्रशासन की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने संचालक पर दो दिन पहले कोरबा एसडीएम, अपर आयुक्त निगम समेत अन्य अधिकारियों की टीम मौके पर जांच करने गई थी। इस जांच के बाद टीम ने अपनी रिपोर्ट तैयार की। रिपोर्ट का निष्कर्ष सामने आया है कि आग लगने से लेकर उसके फैलने और दुकानों के भीतर दम घुटने का इकलौता जिम्मेदार साहेब कलेक्शन का संचालक भूपेन्द्र सिंह गांधी ही है। प्रशासन की रिपोर्ट के आधार पर सीएसईबी पुलिस ने संचालक पर केस दर्ज कर लिया है। सबसे पहले आग साहेब कलेक्शन की दुकान के नीचे पैनल पर लगी। दुकान के कर्मी आग का वीडियो बना रहे थे। इतनी बड़ी दुकान में आग बुझाने के लिए सिलेंडर नहीं थे। आग को बुझाने का प्रयास नहीं किया गया। जिस जगह पर आग लगी वहां से लेकर ऊपरी तल तक अवैध होर्डिंग्स और प्लाई लगाए गए थे। इस वजह से आग फैलकर ऊपरी तक भीषण हो गई थी। कॉम्प्लेक्स के नीचे बरामदे में साहेब कलेक्शन द्वारा अतिक्रमण कर उस जगह को संकरी कर दी गई थी।

# लगभग ढाई वर्ष के बाघ शावक के खाल के साथ सात ग्रामीण गिरफ्तार, शिकारियों के खिलाफ अभियान में बड़ी सफलता

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बीजापुर।** बीजापुर जिले के भोपालपट्टनम अभ्यारण क्षेत्र के रुद्रारम में मुखबिर की सूचना पर वन विभाग ने बाघ की खाल के साथ सात ग्रामीणों को शुक्रवार की देर रात गिरफ्तार किया है। बीती रात उदंती सीतानदी अभ्यारण्य के एंटी पोचिंग टीम ने इंद्रावती वन अमला व पुलिस के साथ मिल ये सयुंक्त कार्रवाई की है। बता दें कि 3 जून से लेकर अब तक टीम ने 50 से ज्यादा तस्कर पकड़े हैं। उदंती सीतानदी अभ्यारण्य टीम की ओर से 3 जून से शिकारियों के खिलाफ चलाए गए अभियान को महीने के खत्म होते-होते एक और बड़ी सफलता मिली।

इंद्रावती टाइगर रिजर्व के संचालक धम्मशील गणवीर ने बताया कि वन विभाग की विशेष टीम ने यह कार्रवाई की है। जो खाल मिली है वह लगभग ढाई वर्ष के शावक की है। इस मामले में गिरफ्त में आये ग्रामीणों से पूछताछ की जा रही है अभी कुछ और भी गिरफ्तारी होनी है। उप संचालक का कहना है कि अभी कार्रवाई जारी है। विस्तृत जानकारी पूरी कार्रवाई होने के बाद दी जाएगी। सात पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ विभाग के द्वारा कार्रवाई की गई।

जिले अंतिम छोर में बसे भोपालपटनम क्षेत्र में आये दिन सागौन, रेत की अवैध कारोबार के मामले आते रहते हैं। वहीं इसी क्षेत्र से एक नया मामला सामने आया है। भोपालपट्टनम अभ्यारण क्षेत्र में माफिया वन्य प्राणियों का शिकार कर अवैध कारोबार में लगे हैं। रुद्रारम तथा पोषणपल्ली के सात ग्रामीणों को बाघ के खाल साथ पकड़ा गया है। जानकारी अनुसार विभाग को सूचना मिलने पर उदंती सीतानदी अभ्यारण व इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान से विशेष संयुक्त टीम तैयार की गई थी। इस टीम के द्वारा देर रात मौके पर छापामार कार्रवाई करते हुए बाघ का खाल बरामद किया।

# सुरक्षाबलों के हत्थे चढ़ा नक्सली, मिलिशिया कमांडर को विस्फोटक के साथ गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में एरिया डॉमिनेशन पर निकली सुरक्षाबलों ने एक मिलिशिया कमांडर को विस्फोटक के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए नक्सली को बीजापुर कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। नक्सली के पास से पुलिस भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक, जिले के उसूर ब्लाक के तर्रेम थाना से जिला बल और सीआरपीएफ 168 बटालियन ई कंपनी की संयुक्त टीम शुक्रवार को एरिया डॉमिनेशन पर तर्रेम के पटेलपारा की तरफ निकली हुई थी। इस दौरान तर्रेम के पटेलपारा की टेकरी के पीछे एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर छिपते हुए भागने लगा। सुरक्षाबल के जवानों ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम तामू नंदा (मिलिशिया कमांडर) पिता तामू कोवा उम्र 29 निवासी तामूपारा बेदरे थाना जगरगुंडा जिला सुकमा का रहने वाला बताया।

इसके पास रखे पिट्ठू बैग की तलाशी लेने पर बैग से 3 पैकेट जिलेटिन, 2 नग डेटोनेटर, लगभग 1 मीटर कोडेक्स वायर, बड़ा डेटोनेटर लगा हुआ टीएलडी वायर, करीब 250 ग्राम स्पीलिंटर (लोहे का कील) बरामद की गई। थाना तर्रेम में वैधानिक कार्रवाई के बाद न्यायिक रिमांड पर न्यायालय बीजापुर में पेश किया गया हैं।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### भिलाई निगम के अभियंताओं की हुई पदोन्नति, निगम आयुक्त रोहित व्यास ने जारी किया पदोन्नति आदेश

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के 17 अभियंताओं का प्रमोशन हुआ है। चार कार्यपालन अभियंता का पदोन्नति अधीक्षण अभियंता में हुआ है, 6 सहायक अभियंता का पदोन्नति कार्यपालन अभियंता में हुआ है तथा 7 उप अभियंता का पदोन्नति सहायक अभियंता के लिए हुआ है। निगम आयुक्त रोहित व्यास ने इसका आदेश जारी कर दिया है। कार्यपालन अभियंता से अधीक्षण अभियंता में पदोन्नति प्राप्त करने वाले कर्मचारियों में बीके देवांगन, डीके वर्मा, सतीश वर्मा एवं संजय कुमार शर्मा शामिल है। सहायक अभियंता से कार्यपालन अभियंता में पदोन्नति प्राप्त करने वाले कर्मचारियों में अखिलेश चंद्राकर, आर एस राजपूत, शरद चावड़ा, रवि सिन्हा, वेशराम सिन्हा तथा सुनील दुबे शामिल है। उप अभियंता से सहायक अभियंता में पदोन्नति प्राप्त करने वाले कर्मचारियों में तपन अग्रवाल, आलोक पसीने, अरविंद शर्मा, अजय सिंह गौर, प्रकृति जगताप, प्रिया खैरवार करसे, तथा नितेश मेश्राम शामिल है।

### दो दिन नहीं खुलेगा नल, टैंकर से की जाएगी जल आपूर्ति

**रिसाली।** फिल्टर प्लांट बंद होने की वजह से नगर पालिक निगम रिसाली के 27 वार्डो में 2 दिन नल नहीं खुलेगा।आवश्यकता अनुसार पेयजल टैंकर के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। आयुक्त आशीष देवांगन ने स्थिति को देखते हुए जल कार्य विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। जल कार्य विभाग के प्रभारी सहायक अभियंता अखिलेश गुप्ता ने बताया कि शिवनाथ इंटक वेल से जल शोधन संयंत्र तक के लिए बिछाई गई पाइप लाइन में लिकेज है। लिकेज मरम्मत कार्य दुर्ग में सोमवार 3 जुलाई से आरंभ किया जाएगा। इस वजह से रिसाली निगम क्षेत्र के 27 वार्ड में सोमवार की शाम और मंगलवार को दोनो पहर पेय जल आपूर्ति प्रभावित रहेगी। गुप्ता ने बताया कि प्रभावित वार्ड को सूची बद्ध कर लिया गया है। वहा टैंकर से पेय जल आपूर्ति की जाएगी। निगम क्षेत्र के टाउन शिप के 7 वार्ड में भिलाई इस्पात संयंत्र और डूंडेरा टू पुरैना के 6 वार्ड पानी सप्लाई मोरीद से किया जाता है। निगम क्षेत्र के 13 वार्ड में पेय जल आपूर्ति नियमित समय पर की जाएगी।

### महापौर, सभापति ने किया निर्माणधीन सभागार का निरीक्षण

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम परिसर में निर्माणाधीन नवीन सभागार का आज शुक्रवार महापौर धीरज बाकलीवाल ने सभापति राजेश यादव,लोक कर्म प्रभारी अब्दुल गनी,वित्त विभाग दीपक साहू,जलकार्य प्रभारी संजय कोहले,भोला महोविया,पार्षद ज्ञानदास बंजारे,अमित देवांगन,कृष्ण देवांगन,गुड्डू यादव सहित अमले के साथ पहुँचकर निरीक्षण किया।सभागार हाल निर्माण कार्य स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया, तथा नगर पालिक निगम की नवीन सभागार बिल्डिंग को समय सीमा में भवन का पूर्ण निर्माण करने की बात कही।निरीक्षण के दौरान ठेकेदार को उन्होंने भवन निर्माण में गुणवत्ता पूर्ण निर्माणधीन करने के निर्देश दिए। इस दौरान लोक कर्म प्रभारी अब्दुल गनी ने बताया कि नगर निगम के नव निर्माणधीन सभागार का कार्य प्रगति पर है,लगभग अगस्त तक कार्य पूर्ण होने निशिचत समय तयकर ठेकेदारों को आवश्यक निर्देश दिया गया है! उन्होंने बताया कि सितंबर माह के भीतर लोकार्पण कर सामान्य सभा का आयोजन निर्माणधीन नवीन सभागार भवन में आयोजन किया जाएगा। महापौर धीरज बाकलीवाल ने कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए एवं कार्यो में अपेक्षित तेजी लाने के निर्देश दिए। जिसके तहत सभागार का निर्माण कार्य वर्तमान में प्रगति पर व अगस्त तक अंतिम चरण रहेगी।

# भिलाई में धूमधाम से मनाया गया मंकिनम्मा संब्रालु, शोभायात्रा में जुटे हजारों श्रद्धालु

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। श्रीश्रीश्री माता धाम मंदिर, सेक्टर 7 में देवी मां का भव्य महोत्सव (संब्रालु) मनाया गया। बुधवार को सुबह से ही श्रीश्रीश्री माता धाम मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। दिन भर मंदिर में विशेष पूजा अनुष्ठान किए गए। इस दौरान अभिषेक से लेकर देवी मां का श्रृंगार भी किया गया। संब्रालु को और खास बनाने दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल व राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय भी विशेष रूप से शामिल हुए।**



7 माताधाम शोभायात्रा की तैयारियां शुरू की गई।



माँ मंकिनम्मा जनकल्याण सेवा समिति भिलाई द्वारा बुधवार को श्रीश्रीश्री माता धाम मंदिर, सेक्टर 7 में देवी मां का भव्य महोत्सव का आयोजन किया गया। संब्रालु की शुरुआत सुबह 8 बजे से हो गई। सबसे पहले देवी मां का अभिषेक किया गया।

इसके बाद सुबह 9:30 बजे माता का भव्य श्रृंगार किया गया। श्री श्री श्री माता धाम मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। वहीं परंपरा के अनुसार गजमुण्डलू लेने के लिए श्रद्धालु का जत्था कैंप क्षेत्र स्थित मां मंकिनम्मा मंदिर पहुंचे। जगमुण्डलू लेने के बाद वापस सेक्टर-

#### आकर्षक झांकियों के साथ निकाली गई शोभायात्रा

भक्तिमय कार्यक्रम में शोभायात्रा का खास आकर्षण रही। श्रद्धालुओं ने लाई से बनी देवी मां की प्रतिकृति का नगर भ्रमण कराया। इस दौरान आकर्षक झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। ढोल बाजे व दक्षिण भारतीय वाद्य यंत्रों की धुनपर नाचते गाते शोभायात्रा निकाली गई। आंध्रप्रदेश व तेलंगाना से आई झांकियां मंकिनम्मा संब्रालु में शामिल हुए। इन झांकियों में विशाखापट्टनम के कलाकारों के द्वारा कोबरा डांस, काली माता, दुर्गा माता की भव्य झांकियां एवं आंध्रप्रदेश से आए कलाकारों के द्वारा परम्पारिक वाद्ययंत्रों की विशेष प्रस्तुति दी गई। इस पूरे आयोजन में माँ मंकिनम्मा जनकल्याण सेवा समिति छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष नीलम चन्नाकेशवलू, एम. कोण्डैय्या तथा बी सुग्रीव सहित पदाधिकारी व सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

निकाय उपचुनाव :

## दुर्ग निगम के वार्ड से कांग्रेस और अहिवारा पालिका के वार्ड से भाजपा की जीत




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। नगरीय निकाय उपचुनाव में दुर्ग जिले के दो निकायों में हुए उप चुनाव में कांग्रेस व भाजपा एक-एक सीट पर जीत मिली है। नगर पालिक निगम दुर्ग के वार्ड क्रमांक 42 में कांग्रेस प्रत्याशी प्रीति गीते ने चुनाव जीत लिया है। वहीं नगर पालिका परिषद् अहिवारा के वार्ड क्रमांक 14 से भाजपा प्रत्याशी मीना चुम्मन जोशी को जीत मिली है।**

बता दें प्रदेश भर में हुए नगरीय निकाय उपचुनाव के तहत दुर्ग जिले के दो रिक्त वार्डों पर भी चुनाव हुए। दुग नगर निगम के वार्ड क्रमांक 42 कसारीडीह व अहिवारा नगर पालिका परिषद के वार्ड 14 डॉ अंबेडकर नगर वार्ड में चुनाव हुआ। दुर्ग निगम के वार्ड 42 में भाजपा कांता साहू को कांग्रेस प्रत्याशी प्रीति गीत ने 647 वोटों के अंतर से हरा दिया। यहां कांग्रेस प्रत्याशी को कुल 1391 वोट मिले। वहीं भाजपा प्रत्याशी को 744 मत मिले। निर्दलीय प्रत्याशी डिलेश्वरी निर्मलकर 68 वोट मिले। नगर पालिका परिषद् अहिवारा की के वार्ड क्रमांक 14 डॉ अंबेडकर वार्ड से भाजपा ने मीना जोशी को अपना प्रत्याशी बनाया। वहीं कांग्रेस ने यहां से डोमार सिंह पटेल को खड़ा किया। इस वार्ड से भाजपा प्रत्याशी को 448 व कांग्रेस प्रत्याशी को 297 वोट मिले। इस तरह यहां भाजपा प्रत्याशी ने कांग्रेस प्रत्याशी को 151 वोटों के अंतर से हरा दिया।

### भिलाई निगम से 15 अधिकारी, कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त, सभागार में दी गई स-सम्मान विदाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई में कार्यरत 15 अधिकारी/कर्मचारी की अर्धवार्षिक आयु 62 वर्ष पूर्ण होने पर उन्हें सेवानिवृत्ति प्रदान की गई है। निगम सभागार में ससम्मान विदाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को शाल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह सम्मान के साथ भेंट किया गया। विदाई समारोह के दौरान सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी/कर्मचारियों के परिजन भी मौजूद रहे। इस दौरान निगम आयुक्त रोहित व्यास ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के सेवाकाल को उत्कृष्ट बताया। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी अपने सेवाकाल में विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए भी निगम के हित में तथा अच्छा कार्य किए हैं। अब सेवानिवृत्त होने के उपरांत अधिकारी/कर्मचारी अपने परिवार को समय दे पाएंगे। भिलाई निगम की ओर से सभी को ससम्मान विदाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई।

# भिलाई इस्पात संयंत्र में 358 अधिकारी पदोन्नत हुए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में आज 30 जून, 2023 को संयंत्र के विभागों में विभिन्न पदों में पदस्थ कुल 358 अधिकारी पदोन्नत किये गये है। ई-6 से ई-7 पद पर पदोन्नत अधिकारियों को इस्पात भवन के सभागार में संयंत्र के निदेषक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने आज दिनांक 30 जून 2023 को पदोन्नति आदेष वितरित किया।

श्री दासगुप्ता ने पदोन्नति आदेष वितरित करते हुए सभी को बधाई दी और कहा कि आप सभी ने बेहतर काम किया है और इससे आप इसके हकदार बने है। अब आपके ऊपर अधिक जिम्मेदारी आ गई हैं। कंपनी और संयंत्र के लिये आप सभी को और अधिक योगदान देना होगा।



इस कार्यक्रम में कार्यपालक निदेषक (वर्क्स) अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) डॉ अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक ए के चक्रवर्ती, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांए) डॉ एम रविन्द्रनाथ, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (माइन्स एवं रावघाट) समीर स्वरूप और कार्यकारी कार्यपालक निदेषक (कार्मिक एवं प्रषासन) श्रीमती निषा सोनी, सेफी चेयरमैन एवं ऑफिसर्स एसोसियेषन के अध्यक्ष एन के बंछोर उपस्थित थे।

भिलाई इस्पात संयंत्र में नव पदोन्नत अधिकारियों को जिसमें शामिल उप प्रबंधक (ई-2) से लेकर सहायक महाप्रबंधक (ई-5) तक के पदोन्नति आदेष संबंधित विभाग के विभागप्रमुखों/कार्यपालक निदेषकगण के कार्यालय में वितरित किए गए। जिसमें सहायक प्रबंधक से उप प्रबंधक (ई-1 से ई-2) में कुल 18, उप प्रबंधक से प्रबंधक (ई-2 से ई-3) में कुल 04, प्रबंधक से वरिष्ठ प्रबंधक (ई-3 से ई-4) में कुल 61, वरिष्ठ प्रबंधक से सहायक महाप्रबंधक (ई-4 से ई-5) में कुल 197 तथा सहायक महाप्रबंधक से उप महाप्रबंधक (ई-5 से ई-6) में कुल 32 कार्यपालक जिसमें चिकित्सा विभाग के चीफ कंसल्टेंट (ई-5 से ई-6) पद पर 3 अधिकारी शामिल थे।

उप महाप्रबंधक से महाप्रबंधक (ई-6 से ई-7) पद पर कुल 46 अधिकारी पदोन्नत किये गए। जिसमें चिकित्सा विभाग से एसीएमओ (ई-6 से ई-7) पद पर पदोन्नत 3 अधिकारी शामिल है।

## वार्ड 42 के उपचुनाव में प्रचंड जीत भूपेश पर भरोसे की मुहरः वोरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।वार्ड क्रमांक 42 सुभाष नगर में सम्पन्न हुए उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती प्रीति गीते ने 647 मतों से प्रचंड जीत हासिल की। जेआरडी स्कूल में काउंटिंग होने के बाद नतीजों की घोषणा होते ही विधायक अरुण वोरा को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने फोन कर बधाई दी।**



वोरा ने कहा कि पूरे प्रदेश को मुख्यमंत्री पर भरोसा है जिसमें दुर्ग शहरी क्षेत्र के मतदाता भी शामिल हैं। वार्ड 42 में मिली जीत भूपेश पर भरोसे की मुहर है। कांग्रेस सरकार बनने के बाद लगातार प्रदेश में हुए लगभग सभी निगम-निकाय चुनावों के अलावा उपचुनावों में भी जनता ने कांग्रेस को अपना आशीर्वाद दिया है। शहरी क्षेत्र में मुख्यमंत्री ने 700 करोड़ की राशि विकास कार्यों के लिए स्वीकृत की है जिसका सदुपयोग कर शहर के हर कोने में विकास करवाया जा रहा है साथ ही जनकल्याण की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम लगातार प्रशासनिक अमला जनप्रतिनिधियों के सहयोग से कर रहा है।

वोरा ने जीत का श्रेय सीएम के नेतृत्व में चल रही शासन की योजनाओं को दिया एवं मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। वार्ड 42 में पूर्व पार्षद प्रकाश गीते की माता श्रीमती मनी गीते के आकस्मिक निधन के बाद उपचुनाव की स्थिति बनी थी जिसके बाद श्रीमती प्रीति गीते ने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में जीत का परचम लहराया।

केंद्र सरकार की योजनाओं को लेकर गंजपारा सदर मंडल में घर घर जनसंपर्क अभियान चलाया गया

## मोदी सरकार की सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की योजनाओं से लोगों के जीवन स्तर में हो रहा है सुधार - जितेंद्र

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान अंतर्गत दुर्ग जिले में विभिन्न कार्यक्रमों के सफलता पूर्वक संपन्न होने के बाद अभियान की अंतिम कड़ी में घर घर चलो जनसंपर्क कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।



दुर्ग शहर विधानसभा के गंजपारा सदर मंडल के वार्ड क्रमांक 35 में सत्ती चौरा स्थित मां दुर्गा मंदिर में दर्शन करके चुनरी चढ़ाकर घर-घर संपर्क अभियान का विधिवत रूप से श्रीगणेश किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं दुर्ग शहर विधानसभा विशेष जनसंपर्क अभियान प्रभारी चंद्रिका चंद्राकर, जिला महामंत्री ललित चंद्राकर, सुरेंद्र कौशिक, जिला उपाध्यक्ष एवं विशेष जनसंपर्क अभियान जिला प्रभारी दिलीप साहू, मंडल प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष अल्का बाघमार, मंडल भाजपा अध्यक्ष मदन वाढ़ई प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। घर-घर संपर्क कार्यक्रम की शुरुआत सत्ती चौरा से होकर शनिचारी बाजार मार्ग से, गांधी चौक, राम मंदिर, जैन मंदिर, ब्राह्मण पारा वार्ड, जवाहर चौक, हटरी बाजार, फूल लाइन तक किया गया।

घर-घर संपर्क कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने घरों में दस्तक देकर मोदी सरकार के लाभार्थी होने संबंधी जानकारी प्राप्त की, जिसमें से लगभग प्रत्येक घर में मोदी सरकार की किसी न किसी योजना का लाभार्थी मिला। प्रधानमंत्री जनधन योजना के खाताधारक, आयुष्मान भारत के कार्डधारी, प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही, फ्री कोरोना वैक्सीन लगवाने वाले, किसान सम्मान निधि पाने वाले, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के सदस्यों से जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा और भाजपा कार्यकर्ता रूबरू हुए और उन्हें मोदी सरकार के लाभार्थी होने का एहसास कराते हुए आगामी चुनाव में भाजपा को समर्थन देने का आग्रह किया। इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिकों से भाजपा को समर्थन देने वाला मोबाइल नंबर भी डायल कराया गया। सेल्फी विथ लाभार्थी के द्वारा जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने लाभार्थियों के फोटो को नमो ऐप में अपलोड कराया। केंद्रीय नेतृत्व द्वारा प्रकाशित हैंडबिल को प्रत्येक घर में देते हुए मोदी सरकार के कार्यों को गिनाया गया।

# महिला मोर्चा राष्ट्रीय पदाधिकारियों के दुर्ग आगमन से संगठन को मिलेगी नई ऊर्जा - स्वाती साहू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** दुर्ग में शीघ्र ही भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय पदाधिकारियों का आगमन होने जा रहा है। राष्ट्रीय पदाधिकारियों के दुर्ग जिले में होने वाले प्रवास के विषय में दुर्ग जिला महिला मोर्चा की महत्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्ष दिव्या कलिहारी ने आहूत की, जिसमें जिला प्रभारी स्वाति साहू विशेष रूप से उपस्थित रही। जिला अध्यक्ष दिव्या कलिहारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में उपस्थित भाजपा महिला मोर्चा नेत्रियों के द्वारा विस्तार पूर्वक कार्यक्रम की जानकारी दी गई।



इस अवसर पर महिला मोर्चा जिला प्रभारी स्वाती साहू ने कहा कि महिला मोर्चा राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार आगामी दिनों दुर्ग जिला मे महिला मोर्चा की राष्ट्रीय पदाधिकारियों का आगमन होगा और उनके द्वारा प्रदेश के भूपेश बघेल सरकार के द्वारा महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार शराबबंदी और विभिन्न विषयों को लेकर आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लिया जाएगा।

महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष दिव्या कलिहारी ने कहा कि दुर्ग जिला महिला मोर्चा की टीम सशक्त और मजबूत है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा वर्तमान में चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान में महिला पदाधिकारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए सभी कार्यक्रमों में अपनी सक्रिय भागीदारी दी है, जिसकी प्रदेश महिला मोर्चा ने भी सराहना की है। दुर्ग जिले में लगातार राष्ट्रीय और प्रादेशिक नेताओं का प्रवास हो रहा है जिसे लेकर संगठन पूरी तरह से सजग है, जिला महिला मोर्चा ने नेताओं के प्रवास के माध्यम से अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। दुर्ग जिले में महिला मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों के आगमन की तैयारी युद्ध स्तर पर जारी है। जिला और मंडल की महिला मोर्चा पदाधिकारियों के बीच समुचित रूप से कार्य विभाजन कर सबको अलग-अलग उत्तरदायित्व देते हुए कार्यक्रम के व्यवस्थित संचालन हेतु मार्गदर्शन एवं सहयोग दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ की महिला विरोधी भूपेश सरकार को सत्ता से बेदखल करने के लिए महिला मोर्चा कटिबद्ध है। महिलाओं के साथ छल करने वाली और नशाखोरी को बढ़ावा देने वाली कांग्रेस भूपेश सरकार को छत्तीसगढ़ की महिलाएं जड़ से उखाड़ कर ही दम लेंगी। बैठक का संचालन महिला मोर्चा जिला महामंत्री गायत्री वर्मा ने एवं आभार प्रदर्शन महामंत्री जय श्री राजपूत ने किया।

समाजवादी पार्टी की जिला कार्यकारिणी की घोषणा

## मंतोष यादव के करीबी विनोद यादव बने सपा भिलाई जिलाध्यक्ष

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। छत्तीसगढ़** प्रदेश में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए समाजवादी पार्टी ने भी छत्तीसगढ़ में अपनी तैयारी शुरू कर दी हैं। पिछले एक वर्ष से प्रदेश कार्यकारिणी रिक्त पड़ी हुई थी। जिसको देखते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने देश के अन्य प्रदेशों के अलावा छत्तीसगढ़ में भी प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति की। जिसमे ओम प्रकाश साहू को प्रदेश अध्यक्ष एवं दुर्ग के गयुर सिद्दीकी को प्रदेश का वरिष्ठ उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी।इसके बाद तीव्र गति से सभी जिलाध्यक्ष बनाए जा रहे हैं जिसके अंतर्गत सेक्टर-6 निवासी विनोद सिंह यादव को भिलाई जिलाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया हैं। विनोद यादव को मंतोष यादव का करीबी बताया जाता है। मंतोष यादव पिछले तीन बार से लगातार सपा युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष के पद पर बने हुए हैं। बताया जाता हैं इसके पहले विनोद यादव मंतोष यादव की युवा इकाई में प्रदेश कमेटी में थे। लेकिन इस बार भिलाई में अपनी मजबूत पकड़ को बनाने के लिए मंतोष यादव ने अपने करीबियों को फ्रंटल आर्गेनाइजेशन में जगह दिलाई हैं। ताकि आने वाले समय में भिलाई में पकड़ मजबूत हो सके।



स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950